फाल्गुन कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 40, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 07 मार्च 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### मुश्किल में लालू परिवार: राबड़ी से सीबीआई की 4 घंटे पूछताछ, जमीन के बदले नौकरी देने के मामले में सवाल किए, पूर्व सीएम बोलीं- ये सब चलता रहता है

## सीबीआई: राबड़ी के बाद अब लालू की बारी




**पटना: जमीन** के बदले नौकरी देने के मामले में सीबीआई की टीम सोमवार सुबह से लालू प्रसाद यादव की पत्नी और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के पटना स्थित आवास पहुंची। करीब 4 घंटे तक सीबीआई के अफसर आवास पर रहे। राबड़ी देवी से पूछताछ के बाद टीम यहां से निकल गई। दिल्ली में मंगलवार को लालू यादव और मीसा भारती से पूछताछ कर सकती है। इस पूछताछ के बाद राबड़ी देवी विधान परिषद की कार्यवाही में शामिल होने पहुंचीं। छोटे बेटे और डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव आए और उन्हें ले गए। सीबीआई की पूछताछ के सवाल पर राबड़ी देवी ने कहा कि कुछ नहीं हुआ है। यह सब चलता रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 12 अफसरों की टीम 2 से 3 गाड़ियों में उनके पटना स्थित 10 सर्कुलर रोड आवास पर पहुंची थी। इसके विरोध में राजद नेता और कार्यकर्ता आवास के बाहर धरने पर बैठ गए। इसे देखते हुए सुरक्षा बढ़ा दी गई। लैंड फॉर जॉब स्कैम में सीबीआई की चार्जशीट पर कोर्ट ने समन जारी किया है। सीबीआई ने चार्जशीट में लालू प्रसाद के अलावा राबड़ी देवी और 14 अन्य को आरोपी बनाया है। 15 मार्च को कोर्ट में राबड़ी, लालू और मीसा को पेश होने के आदेश दिए गए हैं।

**पहले पूछताछ ऑफिस में होनी थी:** सुबह जब टीम राबड़ी के घर पहुंची तो उस वक्त बेटे तेज प्रताप और तेजस्वी यादव भी मौजूद थे, लेकिन बाद में वे विधानसभा के लिए निकल गए। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सीबीआई ने राबड़ी देवी से पूछताछ के लिए नोटिस दिया था। पहले ये पूछताछ सीबीआई दफ्तर में होनी थी, लेकिन बाद में उन्हें राहत देते हुए उनके घर पर करने के लिए तैयार हो गई।

**सीबीआई यहीं पर दफ्तर खोल ले:** डिप्टी सीएम तेजस्वी ने कहा कि तथाकथित जमीन के बदले नौकरी के मामले में सीबीआई आई है। जिस दिन से सरकार बनी है, उस दिन से यह हो रहा है। हर महीने हो रहा है। मैं तो कहता हूं कि सीबीआई आवास पर ही दफ्तर खोल दे। पहले भी इस केस की सीबीआई कई बार जांच करके बंद कर चुकी है। रेलवे ने इसे घोटाला नहीं माना है।

तेजस्वी ने कहा कि पूरा देश जानता है कि रेलमंत्री रहते हुए लालू ने 90 हजार करोड़ का फायदा कराया था। उन्हें मैनेजमेंट ऑफ गुरु कहा जाता है।

**सीएम नीतीश ने तेजस्वी यादव से पूछा- सब गया?** विधानसभा की कार्यवाही में शामिल होने जा रहे सीएम नीतीश कुमार और डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव की मुलाकात हुई। सीएम ने तेजस्वी से पूछा कि सब गया? इस पर तेजस्वी ने कहा कि हां सब गया। तब सीएम ने पूछा कि मम्मी राबड़ी देवी विधान परिषद आ रही हैं। इसी दौरान राबड़ी देवी भी पहुंच गईं।

**सीबीआई की इस कार्रवाई पर पक्ष-विपक्ष की प्रतिक्रिया**

दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि राबड़ी देवी के घर सीबीआई का पहुंचना गलत है, विपक्ष के लोगों पर छापे मारना सही नहीं। मैंने कल कहा था कि यह ट्रेंड बन रहा है, जिन राज्यों में विपक्ष है वहां उन्हें काम नहीं करने दिया जाएगा। विधानसभा के बाहर पूर्व डिप्टी सीएम रेणु देवी ने कहा- सीबीआई सरकारी संस्था है वो अपना काम करेगी। अगर कुछ होगा तो निकलेगा, नहीं होगा तो नहीं निकलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि ये सब बीजेपी के इशारे पर नहीं होता है। राजद एमएलए मुकेश रौशन ने कहा है कि सीबीआई भाजपा का तोता है। बदले की भावना से लालू जी के परिवार को तंग करती है। राजद नेता उदय नारायण चौधरी राबड़ी देवी के आवास के बाहर पहुंचे। उन्होंने कहा कि भारत सरकार लालू जी से घबरा गई है। जब से गठबंधन हुआ है उस समय से घबराहट में है।

### लैंड फॉर जॉब स्कैम क्या है?

**लालू** के रेलमंत्री (2004 से 2009) रहते हुए लैंड फॉर जॉब स्कैम हुआ था। नौकरी के बदले जमीन लेने के घोटाले में लालू और उनके परिवार वालों पर रेलवे में नौकरी दिलाने के बदले जमीन लेने का आरोप है। इस मामले में सीबीआई ने मई 2022 में लालू और उनके परिवार के सदस्यों पर भ्रष्टाचार का नया केस दर्ज किया था। सीबीआई के अनुसार इस तरह से लालू यादव के परिवार ने बिहार में 1 लाख स्क्वायर फीट से ज्यादा जमीन महज 26 लाख रुपए में हासिल कर ली, जबकि उस समय के सर्कल रेट के अनुसार जमीन की कीमत करीब 4.39 करोड़ रुपए थी। खास बात ये है कि लैंड ट्रांसफर के ज्यादातर केस में जमीन मालिक को कैश में भुगतान किया गया।

चारा घोटाले में जमानत पर बाहर हैं लालू: पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव चारा घोटाले मामले में अभी जेल से बाहर हैं। उन्हें किडनी ट्रांसप्लांट के लिए जमानत मिली थी। सिंगापुर में बेटी रोहिणी आचार्या ने किडनी दी थी। इस समय लालू दिल्ली में बेटी मीसा भारती के घर पर हैं।

## गुजरात में पिछले पांच सालों में 1.5 लाख सरकारी नौकरियां दी गईं: मोदी



**नई दिल्ली: प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी ने रोजगार को डबल इंजन सरकार की प्राथमिकता बताते हुए कहा कि गुजरात में पिछले पांच वर्षों के दौरान 1.5 लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी प्रदान की गई है। इसके अलावा राज्य के 18 लाख से अधिक युवाओं को रोजगार कार्यालय के माध्यम से अवसर प्रदान किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को वीडियो संदेश के माध्यम से गुजरात सरकार के रोजगार मेले को संबोधित किया। होली से पहले रोजगार मेले में नियुक्ति पत्र मिलने से हजारों परिवारों के लिए होली की खुशी कई गुना बढ़ गई है। यह देखते हुए कि कुछ ही समय के भीतर गुजरात में रोजगार मेला दूसरी बार हो रहा है।

### अमिताभ बच्चन शूटिंग के दौरान जख्मी

**हैदराबाद: अमिताभ** बच्चन हैदराबाद में शूटिंग के दौरान घायल हो गए। उन्होंने सोमवार को अपने ब्लॉग पर इस बात की जानकारी दी। अमिताभ अभी मुंबई में अपने घर पर आराम कर रहे हैं। अमिताभ बच्चन प्रभास की फिल्म प्रोजेक्ट के की शूटिंग कर रहे थे। एक एक्शन सीन के दौरान उनकी पसलियों में चोट आई है। हैदराबाद में चेकअप के बाद अमिताभ को मुंबई भेजा गया। अमिताभ बच्चन ने अपने ब्लॉग में लिखा, 'रिब केज में मांसपेशी फट गई है। शूटिंग को रद्द कर दिया गया है।

## छह साल में कोई किसान नहीं हुआ आत्महत्या के लिए मजबूर : योगी




**लखनऊ: उत्तर प्रदेश** में बीते छह साल में एक भी किसान आत्महत्या के लिए मजबूर नहीं हुआ है। जरा याद कीजिए वो समय जब प्रदेश के गन्ना किसान खेतों में ही अपनी फसल को जलाने के लिए मजबूर था। उसे ना समय से सिंचाई के लिए पानी मिलता था ना बिजली उपलब्ध कराई जाती थी और तो और समय से उनकी बकाया धनराशि का भुगतान भी नहीं किया जाता था। मगर आज का दिन गन्ना किसानों के लिए ऐतिहासिक होने जा रहा है, जब होली की पूर्व संध्या पर सोमवार को दो लाख करोड़ की धनराशि किसानों के बैंक खातों में सीधे डीबीटी के माध्यम से भेजी गई। हमने गन्ना किसानों को दलालों के चंगुल से मुक्त कराया है, आज किसानों को पर्ची के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ता और उनकी पर्ची उनके स्मार्टफोन में आ जाती है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को सहकारी गन्ना एंव चीनी मिल समितियों में स्थापित फार्म मशीनरी बैंकों के लिए 77 ट्रैक्टरों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने से पूर्व कही।

**किसान केवल किसान होता है, उसका कोई जाति, मत, मजहब नहीं होता:** उन्होंने कहा कि आज प्रदेश की 77 गन्ना समितियों को ट्रैक्टर और मशीनरी उपलब्ध कराई जा रही है। होली की पूर्व संध्या पर इस प्रकार का उपहार मिलना हमारे गन्ना किसानों की होली की खुशी को दोगुनी कर देगा। हम सब जानते हैं कि पहले गन्ना किसानों की क्या हालत हुआ करती थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सत्ता संभालने के बाद पहली बार किसान किसी सरकार के एजेंडे का हिस्सा बना और ईमानदारी से शासन की योजनाओं का लाभ उसे मिलना शुरू हुआ।

## अप्रचलित 65 कानूनों को खत्म करेगी सरकार



**नई दिल्ली:** केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने सोमवार को कहा कि सरकार 65 अप्रचलित कानूनों को खत्म करने के लिए आगामी संसद सत्र में बिल पेश करेगी। बता दें कि जिन कानूनों को खत्म किया जाएगा, उनकी जगह या तो नए कानून आ गए हैं या फिर वह अब इस्तेमाल में नहीं हैं। संसद सत्र आगामी 13 मार्च से शुरू होने जा रहा है।

गोवा में 23वीं कॉमनवेल्थ लॉ कन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कानून मंत्री ने यह जानकारी दी।

**पिछले साढ़े आठ साल में 1486 अप्रचलित कानून खत्म किए:** कानून मंत्री ने कहा कि सरकार ये मानती है कि कानून लोगों के लिए होते हैं और अगर यह लोगों की जिंदगी पर बोझ बन जाएं तो ऐसे प्रावधानों को खत्म कर देना चाहिए। बीते साढ़े आठ सालों में हमने ऐसे 1486 कानून खत्म किए हैं। बजट सत्र का आगामी सत्र 13 मार्च से शुरू हो रहा है। इस बजट सत्र में हम एक बिल पेश करेंगे, जिसमें अप्रचलित 65 कानूनों और प्रावधानों को खत्म किया जाएगा। देश की अदालतों में लंबित मामलों पर किरेन रिजिजू ने कहा कि सरकार लंबित मामलों के खत्म करना चाहती है। देश की अदालतों में 4 करोड़ 98 लाख मामले लंबित हैं।

**ई कोर्ट शुरू किए गए:** कानून मंत्री ने कहा कि इन्हें खत्म करना आसान नहीं है क्योंकि जितने मामले निपटाए जाते हैं, उससे दोगुने नए मामले आ जाते हैं। जज बहुत मेहनत से काम कर रहे हैं लेकिन यह और भी चुनौतीपूर्ण होता जा रहा है।

एक सामान्य परिस्थिति में एक जज हर दिन लगभग 50-60 मामलों पर सुनवाई करते हैं लेकिन कुछ जज एक दिन में 200 मामलों की भी सुनवाई कर रहे हैं लेकिन लंबित मामले बढ़ते ही जा रहे हैं। रिजिजू ने कहा कि लंबित मामलों से निपटने के लिए तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। ई कॉर्ट और स्पेशल प्रोजेक्ट की शुरूआत की गई हैं। हमारा लक्ष्य न्यायपालिका को पेपर मुक्त करना है।

### शराब नीति केस में सीबीआई ने कस्टडी नहीं मांगी, कहा- 15 दिन बाद जरूरत पड़ सकती है

## मनीष सिसोदिया को 20 मार्च तक जेल



**नई दिल्ली: दिल्ली** शराब नीति केस में गिरफ्तार मनीष सिसोदिया को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 20 मार्च तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। सिसोदिया को तिहाड़ जेल में रखा जाएगा। सोमवार को हुई सुनवाई में स्पेशल सीबीआई जज एमके नागपाल ने सिसोदिया को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा। सीबीआई के वकील ने कहा कि सिसोदिया की और रिमांड नहीं मांगी जा रही है, लेकिन अगले 15 दिनों में जरूरत पड़ने पर दोबारा कस्टडी मांगी जा सकती है। जेल सुपरिटेंडेंट आरोपी को मेडिटेशन सेल में रखने की अपील पर ध्यान दें। सिसोदिया को जेल में अपने पास डायरी, पेन, भगवत गीता और चश्मा रखने दिया जाए।

पूर्व डिप्टी सीएम को लिखी गईं दवाएं लेने की भी अनुमति है। मनीष सिसोदिया अब 20 मार्च को दोपहर 2 बजे कोर्ट में पेश किए जाएंगे।

**पहले दो दिन के लिए बढ़ाई गई थी सीबीआई रिमांड:** 4 मार्च को कोर्ट ने सिसोदिया की सीबीआई रिमांड दो दिन 6 मार्च तक के लिए बढ़ा दी थी, जो सोमवार को खत्म हो गई। हालांकि, सीबीआई ने कोर्ट से तीन दिन के लिए उनकी कस्टडी मांगी थी। सिसोदिया की जमानत याचिका पर कोर्ट 10 मार्च को दोपहर 2 बजे फैसला सुनाएगा। सीबीआई ने उन्हें 26 फरवरी को गिरफ्तार किया था।

## सिक्किम को मिला दुनिया के पहले पूर्ण जैविक खेती वाले राज्य का दर्जा

**नई दिल्ली: सिक्किम** दुनिया का पहला जैविक राज्य कई माह पहले बन गया था लेकिन अब उसे प्रमाण पत्र भी मिल गया है। लंदन की वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स ने सिक्किम को दुनिया के पहले जैविक प्रदेश का प्रमाण पत्र जारी कर दिया है। सिक्किम को अपराध मुक्त प्रदेश और सबसे अच्छे प्रशासन वाला राज्य भी माना गया है। केंद्रीय संचार मंत्रालय ने इसे लेकर सिक्किम को बधाई दी है। सिक्किम के पहला जैविक प्रदेश बनने पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सिक्किम के चार मंत्रियों के साथ मिलकर एक विशेष डाक कवर भी जारी किया। बता दें कि साल 1960 में भारत में हरित क्रांति की शुरूआत हुई थी। इसके चलते अधिक अनाज उत्पादन के लिए फर्टिलाइजर्स का इस्तेमाल भी बढ़ा। जिससे मिट्टी की गुणवत्ता और पानी, हवा बुरी तरह प्रभावित हुई है। ऐसे हालात में भारत के उत्तर पूर्वी राज्य सिक्किम ने जैविक खेती की तरफ कदम बढ़ाए और अब यह राज्य दुनिया का पहला जैविक राज्य है और पूरी दुनिया में इसे नजीर की तरह पेश किया जाता है। बता दें कि जैविक तरीका खेती का प्राचीन तरीका है, जिसमें खेती में केमिकल फर्टिलाइजर्स का इस्तेमाल नहीं किया जाता है और प्राकृतिक खादों जैसे गाय-भैंस के गोबर, कंपोस्ट खाद, नीम खाद आदि का इस्तेमाल कर उत्पादन किया जाता है।

## निजीकरण अल कायदा से भी खतरनाक: उद्धव ठाकरे



**मुंबई: उद्धव** बाला साहेब ठाकरे शिवसेना ने केंद्र की मोदी सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। अपने मुखपत्र सामना में लिखे एक लेख में उद्धव गुट ने भाजपा को भ्रष्टाचार धुलाई मशीन बताया है और केंद्र सरकार पर अधिनायकवादी तरीके से शासन चलाने का आरोप लगाया। बता दें कि नौ विपक्षी पार्टियों के नेताओं, जिनमें पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव भी शामिल हैं, ने प्रधानमंत्री मोदी को एक पत्र लिखा है। इस पत्र में केंद्र सरकार पर केंद्रीय जांच एजेंसियों के विपक्षी नेताओं के खिलाफ गलत इस्तेमाल का आरोप लगाया गया है। एनसीपी मुखिया शरद पवार और उद्धव ठाकरे ने भी इस पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। सामना के संपादकीय में लिखा गया है कि अब समय आ गया है कि भाजपा के भ्रष्टाचार धुलाई मशीन के खिलाफ खड़ा हुआ जाए और देश को बचाया जाए। विपक्षी नेताओं द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जो पत्र लिखा गया है, उसमें सरकार के अधिनायकवाद पर प्रकाश डाला गया है। पत्र में लिखा गया है कि किस तरह से 2014 में भाजपा के सत्ता में आने के बाद से विपक्षी नेताओं के खिलाफ कार्रवाई बढ़ गई है। जिन नेताओं पर भ्रष्टाचार के आरोप लगते हैं, उनके भाजपा में शामिल होते ही उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती! लेख में उद्धव बाला साहेब ठाकरे की शिवसेना ने आरोप लगाया कि इस समय देश में अराजकता की स्थिति है। स्वायत्त सरकारी संस्थानों का निजीकरण किया जा रहा है। यह अल कायदा और तालिबान से भी ज्यादा खतरनाक है। चुनाव आयोग सरकार का समर्थन कर रहा है, यही वजह है कि सुप्रीम कोर्ट ने मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के लिए तीन सदस्यों वाली कमेटी बनाने के निर्देश दे दिए हैं। लेख के अनुसार, सत्ता में बने रहना और विपक्षी पार्टियों को प्रताड़ित करना, देश में लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है।

हाल ही में राहुल गांधी ने लंदन की कैंब्रिज यूनिवर्सिटी में केंद्र सरकार की आलोचना की, जिस पर भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया दी थी। इस पर शिवसेना ने अपने मुखपत्र में लिखा कि अगर राहुल गांधी देश की बदनामी कर रहे हैं ।

## पीएम मोदी आपदा जोखिम न्यूनीकरण के तीसरे सत्र का 10 मार्च को करेंगे उद्घाटन




**नई दिल्ली: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 10 मार्च को आपदा** जोखिम न्यूनीकरण (एनपीडीआरआर) के लिए राष्ट्रीय मंच के तीसरे सत्र का उद्घाटन करेंगे। यह जानकारी गृह मंत्रालय ने सोमवार को दी। कार्यक्रम का आयोजन नई दिल्ली के विज्ञान भवन में किया जाएगा। एनपीडीआरआर के तीसरे सत्र का विषय """बदलती जलवायु में स्थानीय मजबूती की रचना"""" है। जो जलवायु परिवर्तन के मद्देनजर विशेष रूप से तेजी से बदलते आपदा जोखिम परिदृश्य के संदर्भ में, स्थानीय क्षमताओं के निर्माण के लिए, भारत के प्रधानमंत्री द्वारा घोषित 10-सूत्रीय एजेंडा से जुड़ा हुआ है। एनपीडीआरआर में केन्द्रीय मंत्रियों, राज्यों के आपदा प्रबंधन मंत्रियों, सांसदों, स्थानीय स्वशासन के प्रमुख, विशिष्ट आपदा प्रबंधन एजेंसियों के प्रमुख, शिक्षाविद, निजी क्षेत्र के संगठनों, मीडिया और नागरिक समाज संगठनों के प्रतिनिधियों सहित 1000 विशिष्ट अतिथि शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि गृह मंत्रालय (एमएचए), राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए), राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान (एनआईडीएम) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित एनपीडीआरआर में चार पूर्ण सत्र, एक मंत्रिस्तरीय सत्र और आठ विषयगत सत्र शामिल होंगे। उद्घाटन समारोह के बाद केन्द्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में एक विशेष मंत्रिस्तरीय सत्र आयोजित किया जाएगा,

जहां केन्द्र, राज्य और केन्द्र शासित प्रदेशों के मंत्री विभिन्न स्तरों पर आपदा जोखिम न्यूनीकरण प्रणालियों को और मजबूत करने पर विचार-विमर्श करेंगे। इस कार्यक्रम से पहले देश भर के एक दर्जन से अधिक शहरों में पिछले दो महीने में आपदा जोखिम प्रबंधन (जैसे, लू, तटीय खतरों, आपदा जोखिम प्रबंधन में महिलाओं के नेतृत्व को बढ़ाना) से संबंधित विशिष्ट विषयों पर 19 कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं।

## राहुल भारत को बदनाम करने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे: अनुराग



**नई दिल्ली:** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लंदन यात्रा पर विवाद खत्म होते नजर नहीं आ रहा है। लंदन के कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में दिए बयान पर लगातार राहुल गांधी घिरते नजर आ रहे हैं। अब केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और भाजपा सांसद विवेक ठाकुर ने राहुल पर निशाना साधा है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने उन्हें विवादों की आंधी बताया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी विवादों की आंधी बन गए हैं। विदेशी दोस्त, विदेशी एजेंसी या फिर विदेशी चैनल हो किसी का भी दुरुपयोग करके भारत को बदनाम करने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा अपनी नाकामी को छिपाने के लिए विदेशी जमीन से राहुल ने भारत को बदनाम करने का ठेका लिया है।

## खबर संक्षेप

### मार पीट में एक का फूटा सिर तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** कस्बा के शाहगंज में चुटहिल ने गोली से मारने की फैलायी अफवाह से पुलिस के हाथ पैर फूल गए मऊआइमा। मऊआइमा कस्बा में मामूली कहा सुनी को लेकर एक को कतिपय लोगों ने लाठी डंडे से मार कर जख्मी कर दिया।घायल रास्ते भर यह शोर मचाया कि उसे गोली मारी गई है। यह सुन कर पुलिस का भी हाथ पैर फूल गए। जांच में मामला झूठा पाया गया।पुलिस मार में तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा कस्बा के मोहल्ला शाहगंज में मामूली बात को ले कर कहा सुनी पर एक को डंडों से पीट दिया गया। चुटहिल पूरे रास्ते भर यह शोर मचाते हुए थाने पहुंचा कि उसे गोली मारी गई है।यह सुनकर पुलिस के हाथ पैर फूल गए।जांच पर केवल मार पीट की बात आयी तो चोटहिल ने अपनी गलती मानते हुए बताया कि उसे डंडों से मारा पीटा गया। घायल संतोष कुमार पुत्र राम कुमार यादव ने मोहल्ला आजमपुर निवासी मोहम्मद आरिफ, नाजिस ,मोहम्मद कैफ के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। जिससे पुलिस ने राहत की सांस ली। उक्त घटना गुरुवार को सुबह की है जो दिनभर कस्बे में चर्चा का विषय बना रहा।

# एसडीएम करछना ने मिठाई की दुकानों पर मारा छापा, मिठाई व मावा के लिए सैंपल



अखंड भारत संदेश

**नैनी।** आगामी त्यौहार को देखते हुए एसडीएम करछना के नेतृत्व में एक टीम ने नैनी के कई मिठाई की दुकानों और नैनी स्टेशन के सामने लगने वाले खोवा की मंडी पर सोमवार को छापा मारा। इस दौरान मिठाइयों और मावा के सैंपल एकत्र किया गया। वही दुकान के आसपास गंदगी होने पर दुकानदारों को फटकार भी लगाई गई। एसडीएम करछना गणेश कुमार कनौजिया और फूड विभाग के कर्मचारियों की एक संयुक्त टीम ने नैनी के सरगम तिराहे पर मौजूद कल्लू स्वीट हाउस, मुक्ता विहार के गंगा स्वीट हाउस मेवा लाल बगिया स्थित भाग्यश्री मिठाई की दुकान पर मिठाई और मावा के सैंपल की जांच की गई। और बासी मिठाइयों को नष्ट किया गया। दुकानों में गंदगी होने पर इन सभी को एसडीएम ने फटकार भी लगाई। इसके बाद यह टीम नैनी स्टेशन के सामने लगने वाले खोवा मंडी में पहुंची। जहां मावा की जांच की गई। इस बार कुछ दुकानदारों का चालान भी किया गया। पूरी कार्रवाई में नैनी पुलिस के साथ वरिष्ठ उप निरीक्षक अजय सिंह एवं नैनी चौकी कस्बा इंचार्ज उमाशंकर सिंह मौजूद थे।

## कच्ची शराब के खिलाफ चलाया अभियान, भारी मात्रा में शराब बरामद

### नैनी व औद्योगिक क्षेत्र में चलाया गया अभियान



**नैनी।** थाना क्षेत्र में कच्ची शराब के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया गया एसडीएम करछना गणेश कुमार कनौजिया एवं एसीपी अजीत सिंह चौहान के नेतृत्व में कार्रवाई की गई इस दौरान सैकड़ों कुंतल लहन नष्ट कराने के साथ ही काफी मात्रा में कच्ची शराब भी बरामद की गई औद्योगिक क्षेत्र में एक युवक को भी हिरासत में लिया गया है जानकारी के मुताबिक रविवार की सुबह औद्योगिक क्षेत्र एसओ संजीव कुमार चौबे व समस्त चौकी इंचार्ज ने मवाईया एवं लावा इंतजार में छापेमारी करते हुए 1 कुंतल से अधिक लहन को नष्ट कराया या की काफी मात्रा में शराब भी बरामद की गई वही हर क्षेत्र में एसडीएम एसीपी एवं नैनी क्षेत्र की पुलिस टीम ने दर्जनों घरों से 5 कुंटल से अधिक लहन को बरामद कर उसे नष्ट कराया इसके साथ ही लगभग 125 लीटर कच्ची शराब भी बरामद की कार्रवाई की सूचना पर क्षेत्र में हड़कंप मचा रहा शराब माफिया मौके से फरार हो गए थे।




## बाजारों में खाद्य सामग्री के साथ ग्राहक हो रहे ठगी के शिकार

**मेजा रोड।** मेजा रोड बाजार में खाद्य सामग्री पेय पदार्थों की खरीद में ग्राहकों को ठगा जा रहा है। कई दुकानदार ग्राहकों से, दूध, दही, पैक्ड फूड या अन्य उत्पाद पर छपे अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) से अधिक पैसे वसूल रहे हैं। जब कोई जागरूक ग्राहक अधिक मूल्य लेने के बारे में पूछता है तो दुकानदार बोल देते हैं कि एमआरपी रेट मे हमे ही मिलता है तो आपको कितने मे दें। ज्यादा बहस करने पर ग्राहक को बिना सामान दिए लौटा दिया जाता है। इस खुली लूट को रोकने वाला कोई नहीं है। मेजारोड बाजार स्थित न्यू मां दुर्गा स्वीट हाउस एंड रेस्टोरेंट मे मेजारोड के ही एक ग्राहक दही पैकेट लेने गए। दुकानदार ने एमआरपी रेट से ज्यादा पैसे मांगे तो उन्होंने कहा कि ज्यादा पैसे क्यों ले रहे हो। दुकानदार ने कहा लेना है कि नही। जब एमआरपी रेट में हमे ही मिलता है तो आपको कितने मे दें। ज्यादा पैसा तो लेना ही पड़ेगा। इसी तरह सभी ग्राहकों के साथ होता होगा। और ग्राहक तो चले जाते हैं, जो जागरूक हैं वह सवाल जवाब करने लगते हैं।

# पशु रोग नियंत्रण मेले का हुआ आयोजन डॉक्टरों ने दी विशेष जानकारी

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** क्षेत्र के चिरौड़ा चौराहे के समीप बाग में सोमवार को विशाल पशु रोग नियंत्रण मेले का आयोजन किया गया। जिसमें पशु चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा छोटे-बड़े पशु लगभग चार हजार मवेशियों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर निःशुल्क दवाईयां भी दी गई। मेले का आयोजन राजकीय पशु चिकित्सालय सहसों के द्वारा प्रभारी चिकित्सक डॉक्टर अनिल कुमार यादव की देखरेख में आयोजित की गई। मेले का उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख सहसों गीता सिंह ने गौ माता की पूजन कर शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा सनातन धर्म में किसी भी शुभ कार्य के लिए प्रारंभ में भगवान श्री गणेश व गौ माता की पूजा करने से कार्य अवश्य कामयाब होता है। उन्होंने पशुपालकों से कहा गौ माता की सेवा के साथ विभिन्न प्रकार के मवेशियों की देखरेख एवं रोग नियंत्रण के लिए चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की चिकित्सा सेवाओं का लाभ उठाकर लाभान्वित हो। इस मौके पर पशु चिकित्सा प्रभारी डॉ अनिल यादव ने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी उपस्थित गोपालकों व किसानों को देते हुए लाभ उठाने की अपील की। इस मौके पर डॉक्टर शशि भूषण ने टीकाकरण, डॉ रामजी यादव ने मवेशियों में कृत्रिम गभार्धान, डॉ अशोक कुमार सिंह ने संक्रामक रोगों की जानकारी व बचाव की विस्तृत जानकारी देते हुए पशुपालकों को सजग रहने की भी सलाह दी। इस मौके विभिन्न गांव से पशुपालक द्वारा लाए गए चार हजार छोटे बड़े सभी मवेशियों की पशु चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा जांच की गई तथा उपचार एवं सलाह के साथ निःशुल्क दवा वितरित की गई। इस मौके पर प्रमुख रूप से प्रमुख प्रतिनिधि शिव नारायण सिंह गप्पू , ग्राम प्रधान कृष्ण कुमार चौरसिया, डॉक्टर सुदीप शर्मा, चंद्रबली यादव, लालजी यादव सहित भारी संख्या में पशुपालक व ग्रामीण उपस्थित रहे।



पशु मेले को संबोधित करती प्रमुख गीता सिंह व अन्य।

## अधिवक्ता के निमार्णाधीन मकान से लाखों की चोरी

**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एचआरआई के पास एक अधिवक्ता के निमार्णाधीन मकान से लाखों के विद्युत उपकरण चोरी हो गए। पास के मकान में लगे सीसी टीवी में चार चोरो की फुटेज मिली है। अधिवक्ता की लिखित शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। झूंसी निवासी अरुण कुमार यादव उच्च न्यायालय में अधिवक्ता है। अरुण यादव के छतनाग रोड एचआरआई के पास स्थित निमार्णाधीन मकान से रविवार की रात 12 बजे के करीब चोरों ने दो लाख से अधिक के विद्युत उपकरण उठा ले गए। सोमवार की सुबह अरुण कुमार जब अपने निमार्णाधीन मकान पर पहुंचे तो गायब विद्युत उपकरण देख दंग रह गए पास में लगे। पास के मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाला गया तो उसमें चार युवक नजर आए हैं पीड़ित अधिवक्ता ने मामले की लिखित शिकायत पुलिस से की है। पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

# एकेटीयू फेस्ट 2023 में यूनाइटेड के मेधावियों ने जीते छः मेडल

### यूनाइटेड कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड रिसर्च और यूनाइटेड इस्टीट्यूट ऑफ टेक्नॉलजी की उपलब्धि

अखंड भारत संदेश



**नैनी।** मेधावियों ने एक बार फिर यूनाइटेड का नाम रोशन किया है। उन्होंने एकेटीयू के राज्य स्तरीय टेक्निकल, लिटरेरी एंड मैनेजमेंट फेस्ट-2023 में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए कई मेडल अपने नाम किये। इस फेस्ट का आयोजन एकेटीयू के सेंटर फॉर एडवांस्ड स्टडीज द्वारा मार्च 1 और 2 को लखनऊ में किया गया था। फेस्ट में यूनाइटेड के छात्रों द्वारा दो रजत तथा चार कांस्य सहित कुल छः पदक जीते गये। यूआईटी के सीएस शाखा के तृतीय वर्ष के विद्यार्थी शिवानी पांडे और रघुवेंद्र कुमार पांडेय ने एकेटीयू की राज्य स्तरीय इनोवेटिव प्रोटोटाइप प्रोजेक्ट एक्जीबिशन आयोजन में उनके द्वारा प्रदर्शित 'स्मार्ट डस्टबिन' मॉडल के लिए रजत पदक जीता है। इसी प्रकार, यूसीईआर के गौरव पांडे ने असाधारण कौशल का प्रदर्शन करते हुए वाद-विवाद प्रतियोगिता के लिए कांस्य पदक जीता। उन्होंने भाग लेने वाले 8 कॉलेजों और राज्य के विभिन्न क्षेत्रों के 13 उम्मीदवारों के बीच यह स्थान हासिल किया। वहीं, प्रतीक सिंह, प्रज्ञा श्रीवास्तव और जाह्नवी सिंह ने पुस्तकों के विशाल ज्ञान, अभिनय कौशल, समन्वय और टीम वर्क का प्रदर्शन करके किताबों पर डंब चराडेस के लिए कांस्य पदक जीता। यूसीईआर के प्राचार्य प्रो एचपी शुक्ला, यूआईटी के प्राचार्य प्रो संजय श्रीवास्तव, डीन (अकादमिक), यूसीईआर डॉ सुधांशु कन्नौजिया, डीन (योजना और विकास), यूसीईआर डॉ स्वप्निल श्रीवास्तव एवं डीन, यूआईटी सुधांशु पाण्डेय ने छात्रों की इस प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। उन्होंने कहा कि छात्रों की यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का काम करेगी।

# धूम मची डगरी डगरी, सगरी नगरी बगरी अहै होली...

अखंड भारत संदेश

## कवियों के संग फागुन के रंग ने कार्यक्रम में बांधी समां

**करछना।** क्षेत्र के करछना गांव स्थित लोक कलाकार मोहिनी श्रीवास्तव के आवास पर आयोजित कार्यक्रम,कवियों के फागुन के रंग, में मौजूद कवियों ने हास्य व्यंग ओर फागुनी गीतों के शब्दरंग बरसाये।आयोजक वेद श्रीवास्तव द्वारा सरस्वती पूजाऔर अबीर गुलाल लगाकर कवियों के स्वागत के बाद संचालन कर रहे चर्चित हास्य कवि अशोक बेसरम ने गांव गलियारे में होली के दृश्य को कुछ इस प्रकार बयां किया-धूम मची डगरी डगरी,सगरी नगरी बगरी अहै होली।रंग गुलाल उड़ै सगरौ,कतहूं गुझिया कहूं भांग कै गोली। जीतेन्द्र जलज ने राजनीति के गलियारे में दस्तक देते हुए विसंगतियों पर तंज कसे-बडे.बहादुर बने थेअब तक,अब बन गये बे चारू,बन्द हो गई खांसी जबसे,सिर पे चढ़ गई दारू। सन्तोष शुक्ल समर्थ के जोगीरा मुक्तकों ने खूब समां बांधी- दोनों ही अनमोल है,इक खद्दर एक सिल्क। जीजा छाप अमूल ज्यों,साली डेरी मिल्क,जोगीरा सारारारा ...।

वरिष्ठ गीतकार राजेन्द्र शुक्ल के छन्द मुक्तकों ने होली के अर्थभाव से सद्भाव,प्रेम,समरसता और लोक संस्कृति को संजोए रखने हेतु प्रेरित किया। अपने संदेश परक मुक्तक में कहा- होली में जला दें हम नफरत के घरौंदे,



फिर प्रेम के रंगों की बरसाते करा दें। एकता की रोली मस्तक पर लगाकर,मिलकर गले दिलों में उतर जायं तो होली। लोकगायिका मोहिनी श्रीवास्तव के होली गीत-फगुनवा में रंग रसेरसे बरसे,भी खूब सराहा गया। कार्यक्रम के उपरान्त सभी कवियों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर रंग पर्व की अग्रिम बधाई दी।

# बच्चों ने मनाया महर्षि शांडिल्य पब्लिक स्कूल का वर्षगांठ

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** महर्षि शांडिल्य पब्लिक स्कूल गुलालपुर हेतापट्टी के प्रांगण में रविवार को छात्र छात्राओं ने विद्यालय के वर्षगांठ पर बहुत ही हर्षोल्लास के साथ सांस्कृतिक, नाट्य, निबंधात्मक एवं मंच पर रंगारंग कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति कर उपस्थित अतिथियों, अभिभावकों एवं गुरुजनों का मन मोहते विद्यालय का वर्षगांठ मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम बच्चों ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलन कर किया तथा आए हुए अतिथियों के स्वागत में स्वागत गीत भी गए। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिगंबर श्री नरेश गिरी जी महाराज ने विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों को अपने आशीर्वचन देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामना के साथ अच्छे से अच्छे पठन-पाठन कार्य के प्रति रुचि बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा आज के बच्चे हमारे




इस देश के भविष्य हैं। मुख्य अतिथि बच्चों को प्रेरणा देते हुए कहा कि बच्चे अच्छी से अच्छी शिक्षा प्राप्त कर बड़े बुजुर्गों का आदर सम्मान सहित अपने माता-पिता, गुरुजनों, गांव मोहल्लों एवं देश का नाम रोशन करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय के प्रबंधक शिव प्रकाश तिवारी ने मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर स्वागत एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया तथा आए हुए सभी लोगों के प्रति आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किए। तत्पश्चात विद्यालय के बच्चों को कार्यक्रम में अच्छी प्रस्तुति देने के लिए उपहार भी वितरित किए। कार्यक्रम का संचालन जिला संयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ भाजपा गंगापार शिक्षक रमेश कुमार द्विवेदी ने किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से पंडित वेदमणि तिवारी, राम दत्त तिवारी, शिव दत्त तिवारी, प्रयाग दत्त तिवारी, राजेश मिश्रा, कृष्ण मोहन तिवारी, मूलचंद, दीपिका सिंह, अभिनव शुक्ला, श्वेता सिंह सहित अभिभावक गंण एवं विद्यालय के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### विनय कुमार सिंह राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना प्रयागराज मंडल के सचिव बनाये गये



**जंघई।** राजपूत संगठन राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना में रस्तीपुर गांव निवासी विनय कुमार सिंह को प्रयागराज मंडल का सचिव नियुक्त किया गया है।संगठन की मजबूती और समाज के हित में विनय सिंह से पूरी ईमानदारी, निष्ठा, तन्मयता एवं ऊर्जा से अपने दायित्व को निर्वहन करने की अपेक्षा की गई है। प्रदेश अध्यक्ष राकेश सिंह रघुवंशी, विपिन प्रताप सिंह जिलाध्यक्ष प्रयागराज एवं ठाकुर योगेश सिंह जिला प्रभारी प्रयागराज एवं रूद्र प्रताप सिंह, मुन्ना सिंह, योगेश प्रताप सिंह, अमित सिंह, अभिषेक सिंह, कुंवर रंजन सिंह, अतुल सिंह आदि ने विनय कुमार सिंह को उनके नवीन दायित्व की हार्दिक शुभकामनाएं बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किया है।

### 21वीं सदी के इलाहाबादी पुस्तक का किया गया विमोचन

**प्रयागराज।** प्रयागराज के मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के प्रेक्षागृह में "21वीं सदी के इलाहाबाद" नामक पुस्तक का विमोचन हुआ। जिसमें शहर के सभी विशिष्ट व्यक्तियों को स्मृति चिन्ह व पुस्तक देकर सम्मान किया गया।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में मुख्य न्यायाधीश पंकज मित्तल रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में अशोक और विक्रम राव रहे। वहीं इस कार्यक्रम की अध्यक्षता इम्तियाज गाजी ने की। संचालन यश मालवीय और महारानी ने सभी अतिथियों व मौजूद लोगों का धन्यवाद ज्ञापन किया।

## क्षेत्र के मडौका उपरहार में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**नैनी।** क्षेत्र के मडौका उपरहार में एक युवक ने रविवार की देर रात कमरे में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार मिली जानकारी के अनुसार आकाश पटेल 21 पुत्र ओम प्रकाश पटेल निवासी मडौका उपरहार रविवार की रात खाना खाकर अपने कमरे में गया। सुबह जब वह बाहर नहीं निकला तो परिजनों ने झांक कर देखा। वह फांसी पर लटक रहा था। इस बीच किसी ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और लिखा पढ़ी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। चौकी इंचार्ज एग्रीकल्चर विपिन कुमार ने बताया कि 10 महीने पहले उसकी शादी दादरी नौगांव निवासी सविता पटेल से हुई थी पुलिस के अनुसार वह नशे का आदी था और इन दिनों बेरोजगार था। घटना से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# अबीर-गुलाल से सराबोर हुए शिक्षक व विद्यार्थी, गीत गाकर दिया संदेश



बी एल सिंह पब्लिक इंटर कॉलेज में शिक्षक छात्र होली मनाते हुए

अखंड भारत संदेश

**घूरपुर।** क्षेत्र के पूरेखगन गांव स्थित बी एल सिंह पब्लिक इंटर कालेज व रेही स्थित पुरुषोत्तम सिंह इंटर कॉलेज में सोमवार को आयोजित होली मिलन समारोह में छात्रों ने शिक्षक को अबीर गुलाल लगा चरण स्पर्श कर आशिर्वाद लिया। और विद्यार्थी अपने साथियों से एक-दूसरे के गले लगे और अबीर-गुलाल लगा होली की बधाई दी। कोई हरे तो कोई पीले और गुलाबी रंग से रंगा दिखा। बच्चे हंसते खिलखिलाते नजर आए।इस मौके पर छात्रों ने राधा कृष्ण बन होली गीत भी गाया। विद्यालय के संचालक पुष्प राज सिंह व सरंक्षक सर्वेश कुमार सिंह ने कहा कि बुराई पर अच्छाई की विजय का त्योहार होली सौहार्द से मिलजुलकर मनायें। उन्होने कहा कि पानी को कम से कम बर्बाद कर त्योहार मनाया जाना चाहिए। होली में पानी की फिजुलखर्जी रोकी जा सकती है । विद्यालय के प्रधानाचार्य महेश कुमार सिंह ने कहा कि रासायनिक रंगों का त्वचा पर बुरा असर पड़ता है। इससे बच कर होली खेले। नागेंद्र सिंह, आशा राम, अंजली श्रीवास्तव, राम भवन सिंह, प्रभाकांत पाल, अनिल मिश्र सहित आदि शिक्षक मौजूद रहे।



## होली की छुट्टी होने पर बच्चों ने खेला विद्यालय में रंग गुलाल

**पसना।** कस्तूरबा गांधी विद्यालय व ज्वाला देवी इंटर कालेज के छात्र छात्राओं ने विद्यालय में होली का अवकाश होने के उपलक्ष्य में आपस में खूब होली खेली।छात्राओं ने अपने शिक्षिकाओं को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। विद्यालय की शिक्षिकाओं ने बच्चों को होली पर कीचड़ मिट्टी से होली न खेलते हुए प्राकृतिक रंगो से होली खेलने की सलाह देते हुए होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर शोभा पांडेय,सरिता, किरन शर्मा,लक्ष्मी पाल, श्यामकली,संध्या,दीपा,श्रुति आदि मौजूद रहीं।

## हर्बल रंग व गुलाल से खेलें होली स्वास्थ्य का रखें ध्यान

**सहसों।** हरिओम चैरिटेबल ट्रस्ट सहसों में सोमवार को एक गोष्ठी आयोजित की गई जिसमें होली के त्योहार को हर्बल रंग, गुलाल व अबीर से होली खेलने का अनुरोध किया गया। केमिकल युक्त रंगों, पेन्ट आदि का प्रयोग न करें। होलिका में उपली का प्रयोग करें और वातावरण को प्रदूषण से मुक्त रखें। बहुत ही सौहार्दपूर्ण एवं प्रेम से रंगों का त्योहार होली को मनाएं। गोष्ठी में मौजूद अध्यक्ष भूमि विकास बैंक फूलपुर वीरेन्द्र बहादुर सिंह ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा शासन के दिशा निर्देश के अनुसार प्रदूषण मुक्त एवं उपली का प्रयोग करें तथा आपस में भाईचारा के साथ सौहार्दपूर्ण ढंग से इस प्रेम के त्यौहार को गले मिलते हुए होली को मनाए एवं समाज को एक नया संदेश प्रदान करें। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए डॉ अमित यादव ने उपस्थित लोगों से कहा सभी लोग बच्चे, बूढ़े, नौजवान, महिलाएं अपने अपने स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए होली के त्यौहार को मनाए हर्बल रंग, गुलाल व अबीर का ही प्रयोग कर होली खेलें। उन्होंने कहा मिलावटी खाद्य पदार्थों से बचें, केमिकल युक्त रंग, अबीर, गुलाल एवं पेन्ट चेहरे और स्किन को संक्रमित करते हैं जिससे शारीरिक समस्याएं उत्पन्न होने लगती हैं। इस मौसम में दमा स्वास, हृदय रोग, मौसमी बुखार एवं पेट संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने कहा भाई चारा, प्रेम सौहार्द के इस त्यौहार पर एक दूसरे को हर्बल अबीर, गुलाल लगाकर गले मिलते हुए त्यौहार का आनंद लें। इस अवसर पर इं0 मनोज कुमार, डॉ0 केसी गुप्ता, डॉ0 दिलीप, राजेश कुमार, शिवम पाल, जय शंकर पांडे, पिन्टू आदि लोग उपस्थित रहे।

# उमेश पाल व सिपाही को पहली गोली मारने वाला विजय उस्मान पुलिस मुठभेड़ में ढेर

## पुलिस के आला अधिकारियों के साथ मौजूद रही तीन थानों की फोर्स, सिपाही नरेंद्र के बाहर में लगी है गोली

अखंड भारत संदेश





**प्रयागराज।** कौंधियारा थाना क्षेत्र में सोमवार को एनकाउंटर में मारे गए विजय चौधरी उर्फ उस्मान ने ही उमेश पाल और उनके गनर संदीप निषाद को पहली गोली मारी थी। पुलिस का दावा है कि वह सीसीटीवी में भी नजर आया था। पुलिस उसकी खोजबीन में लगी थी। घटना को अंजाम देने के बाद वह मध्य प्रदेश भाग गया था। उसके जब गांव आने की सूचना पुलिस को मिली तो गांव में ही उसे घेर लिया गया। जवाबी कार्रवाई में उसे मार गिराया गया।

कौंधियारा, खीरी और शंकरगढ़ थानों की फोर्स ने विजय को गोठी गांव में घेर लिया, तो उसने फायरिंग शुरू कर दी। एक सिपाही को भी गोली लग गई। जवाबी फायरिंग में विजय चौधरी को दो गोलियां लगीं। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मारा गया शूटर 50 हजार रुपये का इनामी था।एडीजी प्रशांत कुमार के मुताबिक सोमवार तड़के पुलिस को सूचना मिली कि उमेश पाल हत्याकांड में शामिल शूटर विजय चौधरी उर्फ उस्मान कौंधियारा के गोठी क्षेत्र में है। सूचना पर शंकरगढ़, कौंधियारा और खीरी थानों की फोर्स वहां पहुंची और विजय को घेर लिया। पुलिस अफसरों के मुताबिक पुलिस को देखते ही विजय उर्फ उस्मान ने पिस्टल से फायरिंग शुरू कर दी। सिपाही नरेंद्र की बांह में गोली लगी तो पुलिस वालों ने भी फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में विजय को गोली लगी और गिर पड़ा।पुलिस उसे लेकर तुरंत एसआरएन अस्पताल पहुंची। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा, एडीसीपी आकाश कुलहरि और डीसीपी यमुनापार संतोष कुमार मीणा समेत तमाम अफसर मौके पर पहुंच गए। लखनऊ में आला अधिकारियों को फोन कर पूरी जानकारी दी गई। विजय उर्फ उस्मान के पास से एक 32 बोर की पिस्टल और कुछ कारतूस बरामद हुए हैं।उधर, लखनऊ में एडीजी प्रशांत कुमार ने बताया कि उस्मान सीसीटीवी फुटेज में उमेश पाल और सिपाही संदीप को गोली मारते हुए दिख रहा था। उसकी खोजबीन की जा रही थी। जांच में यह भी पता चला है कि अतीक अहमद ने ही विजय चौधरी को उस्मान बनाया था। कौंधियारा के भागोकर गांव निवासी विजय चौधरी उर्फ उस्मान का नाम पुलिस ने अब तक खोला नहीं था। हालांकि उसकी खोजबीन की जा रही थी। उस पर 50 हजार का इनाम भी घोषित किया गया था।

## बाबा बुलडोजर पिचकारी की धूम,कोरोना के बाद पहली बार बढ़ी बाजारों की रौनक

**प्रयागराज।** संगम नगरी में होली के त्यौहार की धूम है इस दौरान बाजारों में सजी बाबा के बुलडोजर की पिचकारी आकर्षण का विषय बनी हुई है। बच्चे से लेकर जवान तक इस पिचकारी के खरीददार हैं। पीएम मोदी और सीएम योगी के मुखोटे भी बच्चों को खूब भा रहे हैं।प्रयागराज में इस बार होली को लेकर बाजार में खासा उत्साह है। बाजारों रंग, गुलाल और पिचकारियों से सजी दुकानें आकर्षण का केंद्र बनी है। विभिन्न क्षेत्रों में होली पर सजी दुकानें ग्राहकों को आकर्षित कर रही है। इस बार योगी मोदी का मुखौटा और बाबा बुलडोजर पिचकारियां बच्चों को खूब पसंद आ रही हैं। होली खेलने को लेकर बाजार में खास प्रकार की मोदी योगी टोपी, टी-शर्ट, पगड़ी, कुर्ता पायजामा समेत अन्य सामग्री उपलब्ध है। हर्बल रंग व गुलाल को लोग खूब पसंद कर रहे है। नैनी के दुकानदार सुनील केसरवानी का कहना है कि इस बार बाबा बुलडोजर पिचकारी, योगी मोदी मुखौटा और टी-शर्ट की मांग काफी बढ़ गई है। वही होली के पर्व को लेकर दुकानदार अखिलेश शुक्ला का कहना है कि योगी की बाबा बुलडोजर पिचकारी की डिमांड इतनी है कि हर तरफ बुलडोजर ही बुलडोजर छाया हुआ है। इसकी सेल इतनी है कि स्टॉक खत्म हो गया है और दोबारा मंगाया गया है।

**मोदी मुखौटा बुलडोजर पिचकारी की मांग :** सतरंगी रंगों के पर्व होली को लेकर काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। लोग मोदी मुखौटा बुलडोजर पिचकारी की मांग कर रहे हैं और बाजार में डिमांड बढ़ने से माल शोर्टेज होने लगा है। मैन्युफैक्चरिंग कंपनियां डिमांड बढ़ जाने से काफी खुश हैं। लगातार माल पिचकारी आने के बाद तुरंत बिक जा रही हैं।

**प्रयागराज में होली की धूम, सज गए बाजार :** तीन साल बाद उल्लास, उत्साह व उमंग के पर्व होली की रंगत इस बार चटख दिख रही है। यही कारण है कि बाजारों में होली का खुमार चढ़ा दिख रहा है। दुकानों पर लोगों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। बाजारों में लगी चिप्स पापड़ नमकीन और गुझिया लोगों को अपनी ओर खूब लुभा रही है। बीते दिन गैस सिलेंडर के दाम भी बढ़े हैं। प्रयागराज के लोकनाथ चौराहे पर पहुंचे और वहां के व्यापारियों से बातचीत की।लोकनाथ चौराहे पर हलवाई की दुकान चला रहे रोबिन गुप्ता ने दैनिक भास्कर से बातचीत में बताया कि गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने पर ऐसा कोई विशेष व्यवसाय पर प्रभाव नहीं पड़ा है। गैस के दाम ?50 बढ़े हैं लेकिन कुछ चीजों के दाम घटे भी हैं कुल मिलाकर एवरेज आ गया है। हम लोगों ने दुकान के किसी भी सामग्री का रेट भी नहीं बढ़ाया है जो रेट पिछले साल था उसी रेट में हम इस साल भी बेच रहे हैं। आगे कहा कि इस बार कोई दिक्कत नहीं है। लोग भी बाजार में बड़े हर्षोल्लास के साथ आ रहे हैं। खरीदारी कर रहे हैं। उम्मीद है कि इस बार होली काफी अच्छा जाएगा।

# अतीक की बहन बोली- मंत्री नंदी ने 5 करोड़ हड़पे

## सीएम योगी ने उकसाने पर मिट्टी में मिलाने वाला बयान दिया, नंदी ने कहा- अनर्गल और बेतुकी बात

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** उमेश पाल हत्याकांड में पुलिस ने विजय चौधरी उर्फ उस्मान का भी एनकाउंटर कर दिया। इसके बाद अतीक अहमद की बहन आयशा नूरी, अशरफ की पत्नी जैनब फातिमा और आयशा की बेटी उनजिला नूरी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। आयशा नूरी ने पुलिस पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। आयशा ने कहा, योगी कैबिनेट में मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने उनके भाई अतीक अहमद से 5 करोड़ रुपए उधार लिए थे। अब वह पैसे देना नहीं चाहते।आयशा ने कहा, ''विधानसभा के बजट सत्र में अखिलेश यादव ने सीएम योगी को काफी उकसाया। जिसके बाद सीएम ने अपराधियों को मिट्टी में मिलाने से जुड़ा बयान दिया। इसके बाद यूपी एसटीएफ के अधिकारी अमिताभ यश को पूरा मौका मिल गया है।'उधर मंत्री नंदी ने ट्वीट कर सभी आरोपों को अनर्गल और बेतुकी कहा है।

**राजनीति करना हमारे परिवार के लिए गुनाह बन गया :** आयशा ने कहा कि अगर राजनीति करना गुनाह है, तो यही गुनाह हमारे भाई ने कर दिया। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर मेरे भाई अतीक अहमद गुजरात जेल गए हैं। हमें टॉर्चर किया जा रहा है कि तुम्हारे भाई को जेल से निकाल कर मार देंगे। एनकाउंटर कर देंगे।कहा, प्रयागराज के पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा हमें धमकी दे रहे हैं कि तुम्हारे भाइयों का एनकाउंटर होगा। हमारे भतीजे खतरे में हैं। हमारे घर गिराए जा रहे हैं। हमारा समय खराब चल रहा है।

**नंदी की पत्नी नहीं चाहती कि हमारी भाभी मेयर के चुनाव में खड़ी हों :** पूर्व सांसद अतीक अहमद की बहन आयशा नूरी ने कहा, ''हमारी भाभी को साजिश में फंसाया गया है। मेरी भाभी शाइस्ता परवीन किसी साजिश में शामिल नहीं हैं। नंद गोपाल गुप्ता नंदी की पत्नी अभिलाषा गुप्ता नंदी नहीं चाहतीं कि हमारी भाभी शाइस्ता मेयर का चुनाव लड़ें। उन्होंने कहा, 'यही कारण है कि नंदी मुख्यमंत्री जी को हमारे परिवार के खिलाफ उकसा रहे हैं। हमारे भाइयों की सुरक्षा की जाए। एक बार जब मैं अपने भाई अतीक से मिलने गई थी तो उन्होंने शाइस्ता से कहा था कि नंदी से मेरा पैसा दिला दो। ये पैसा करीब 5 करोड़ रुपए है। अतीक की बहन का कहना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिट्?टी में मिलाने वाला बयान नंदी के उकसाने पर दिया है।

**एसटीएफ दोनों भाइयों का एनकाउंटर कराने की धमकी दे रही :** आएशा नूरी ने कहा कि मंत्री नंदी लिए गए रुपए वापस नहीं कर रहे थे। इस बीच अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन बसपा में शामिल होकर मेयर के लिए चुनाव प्रचार करने लगीं। इससे नंदी और अभिलाषा इस बात से खुन्नस रखने लगे। इस वजह से ये पूरी साजिश करके अतीक अहमद और उनके परिवार को साजिश के तहत फंसा दिया। अतीक की बहन ने एसटीएफ पर भी आरोप लगाया कि वो दोनों भाइयों का एनकाउंटर करने की धमकी दे रहे हैं। पूछताछ के नाम पर टॉर्चर करते हैं।

# विजय के एनकाउंटर पर बोली पत्नी, मुझे भी मार दो, अतीक को जानते तक नहीं

अखंड भारत संदेश

### बिलखती हुई पत्नी ने कहा कि हम लोग हिंदू हैं, जबरदस्ती हम लोगों का नाम उस्मान बताया जा रहा है



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में अधिवक्ता उमेश पाल उर्फ कृष्ण कुमार हत्याकांड में पुलिस ने सोमवार सुबह लगभग पांच बजे उमेश पाल को पहली गोली मारने वाले कोधियारा क्षेत्र के रहने वाले विजय चौधरी उर्फ उस्मान को एनकाउंटर ढेर कर दिया है।अब विजय की पत्नी ने एनकाउंटर पर सवाल उठाते हुए कहा कि हम अतीक अहमद को नहीं जानते थे और मेरे पति का नाम सिर्फ विजय चौधरी है।विजय के घर मातम पसरा हुआ है।हर कोई पुलिस को कोस रहा है।पूरा परिवार एनकाउंटर की थ्योरी पर ही सवाल उठा रहा है।बिलखती हुई पत्नी कहा कि हम लोग हिंदू हैं, जबरदस्ती हम लोगों का नाम उस्मान बताया जा रहा है।पत्नी ने कहा कि मेरे पति के साथ मुझे भी मार दिया जाए क्योंकि मेरे आगे पीछे कोई नहीं है, मैं किसके सहारे जिऊंगी. पत्नी का कहना है कि हम लोग किसी अतीक को नहीं जानते हैं, वह तो सीधे थे सिर्फ गाड़ी चलाया करते थे।बहरहाल पुलिस का दावा है कि विजय चौधरी ने ही उमेश पाल पर पहली गोली चलाई थी।विजय की गोली से उमेश पाल के सुरक्षाकर्मी भी मौत हुई है।पुलिस की माने तो विजय चौधरी का नाम अतीक के बेटों ने उस्मान रखा था और वह अतीक अहमद गैंग का शॉर्प शूटर है।उमेश पाल की हत्या में उसने ही पहली गोली चलाई थी, जिसके बाद कई शूटरों ने ताबड़तोड़ फायरिंग की।

# जरायम की दुनिया में अब्बा व चाचा से भी आगे निकला असद

**प्रयागराज।** उमेश पाल व उसके दो गनर की हत्या में जिस असद अहमद की पूरे सूबे की पुलिस को तलाश है, वह जरायम की दुनिया में अपने अब्बा अतीक अहमद और चाचा पूर्व विधायक अशरफ से भी आगे निकल गया है। यही नहीं उसने अपने दो बड़े भाइयों को भी पीछे छोड़ दिया है। सिर पर ढाई लाख का इनाम घोषित होने के बाद वह अपने परिवार में सबसे कुख्यात अपराधी बन गया है। रविवार को इनाम की राशि बढ़ाए जाने के बाद उसका नाम यूपी पुलिस की मोस्ट वांटेड सूची में भी दर्ज हो गया है।असद से पहले उसके परिवार में अतीक अहमद, चाचा खालिद अजीम उर्फ.अशरफ बड़ा भाई उमर और दूसरे नंबर का भाई अली अहमद इनामी घोषित किए जा चुके हैं। उमेश पाल हत्याकांड से पहले तक इनमें सबसे बड़ा इनामी असद का चाचा और माफिया अतीक अहमद का भाई अशरफ था।राजू पाल हत्याकांड की जांच में जुटी सीबीआई ने उसके खिलाफ कोर्ट से वारंट जारी कराया था और इसके बाद से ही वह लगातार फरार चल रहा था। इसके बाद उसके खिलाफ एक लाख का इनाम घोषित किया गया था। तीन जुलाई 2020 को नाटकीय ढंग से पुलिस ने उसे कौशाम्बी के हटवा स्थित उसकी ससुराल से गिरफ्तार कर लिया था। हालांकि चर्चा यही रही थी कि एनकाउंटर के डर से उसने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया था।

### महंगी घड़ियों और फोन का शौकीन है मुख्य शूटर असद

**प्रयागराज।** उमेश पाल हत्याकांड को अंजाम देने वाले पांच आरोपियों की गिरफ्तारी पर डीजीपी मुख्यालय ने 2.50-2.50 लाख रुपये का इनाम घोषित कर दिया है। इनमें घटना के मास्टर माइंड माफिया अतीक अहमद का फरार बेटा असद अहमद भी शामिल हैं। इसके अलावा घटना को अंजाम देने वाले शूटर अरमान, गुलाम, गुड्डू मुस्लिम और साबिर पर भी 2.50-2.50 लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया है।इससे पहले प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट ने पांचों शूटरों पर 50-50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। साथ ही, इनाम की धनराशि बढ़ाने का प्रस्ताव डीजीपी मुख्यालय भेजा था। जिसे डीजीपी ने मंजूरी दे दी है। आरोपितों की जल्द गिरफ्तारी नहीं होने पर डीजीपी मुख्यालय इनाम की धनराशि को पांच लाख रुपये करने के लिए शासन को प्रस्ताव भेज सकता है।

### बड़े भाई पर सीबीआई ने घोषित किया था दो लाख का इनाम

फरवरी 2020 में सीबीआई ने असद के सबसे बड़े भाई मोहम्मद उमर पर दो लाख का इनाम घोषित किया था। उमर लखनऊ के प्रॉपर्टी डीलर मोहित जायसवाल को अगवा कर देवरिया जेल में ले जाकर पीटने के मामले में अपने पिता व उसके अन्य गुर्गों संग नामजद था और दिसंबर 2018 में एफआईआर दर्ज होने के बाद से ही फरार चल रहा था। लंबे समय तक तलाश करने के बाद भी पता न चलने पर सीबीआई ने उस पर दो लाख का इनाम घोषित किया था। जिसके बाद पिछले साल अगस्त में उमर ने सीबीआई कोर्ट में सरेंडर कर दिया था।

### 50 हजार का इनामी बनाया गया था अली

इससे पहले असद का दूसरे नंबर का भाई अली अहमद भी इनामी घोषित किया जा चुका है। प्रॉपर्टी डीलर जीशान अहमद उर्फ जानू पर जानलेवा हमले और पांच करोड़ की रंगदारी मांगने के मामले में दिसंबर 2021 में उसके खिलाफ करेली थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था। इसके बाद से ही अली लगातार फरार चल रहा था। इस पर उसके खिलाफ पहले 25 हजार और फिर आईजी रेंज प्रयागराज ने 50 हजार का इनाम घोषित किया था। पिछले साल 30 जुलाई को पुलिस को चकमा देकर अली ने इसी मामले में कोर्ट में सरेंडर कर दिया था।

# मुस्लिम बोर्डिंग के सभी कमरे खाली कराए अपराधियों का अड्डा बन गया था हॉस्टल

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय के मुस्लिम बोर्डिंग हाउस छात्रावास को सोमवार को जिला प्रशासन और विश्वविद्यालय प्रशासन ने मिलकर खाली करा दिया। सभी कमरों को सील कर दिया गया है।वैसे तो अधिकांश कमरों में अवैध रूप से छात्र रह रहे थे पर कुछ लीगल रूप से रह रहे छात्रों को भी कमरों से बाहर कर दिया गया है। यह कार्रवाई उमेश पाल हत्याकांड के मुख्य साजिशकर्ता सदाकत खान के कमरा नंबर 36 में पकड़े जाने के बाद की गई है।

**छात्रावास में अवैध रूप से रह रहा था सदाकत :** एसटीएफ ने मुस्लिम बोर्डिंग के कमरा नंबर 36 में अवैध रूप से रह रहा था। यहीं से उसे एसटीएफ ने पिछले दिनों गोरखपुर से गिरफ्तार किया था। एसटीएफ की पूछताछ में सदाकत ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए थे।उसने बताया कि अहमदाबाद जेल में बंद माफिया अतीक अहमद और बरेली जेल में बंद उसका भाई अशरफ भी वाट्सएप कॉल से कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ता था। उमेश पाल की हत्या की पटकथा मुस्लिम बोर्डिंग छात्रावास के कमरा नंबर 36 में लिखी गई, जिसमें सदाकत अवैध रूप से रह रहा था।एडीजी एसटीएफ अमिताभ यश ने बताया कि सदाकत खान उमेश पाल हत्याकांड के मुख्य षड्यंत्रकारियों में से एक है। सदाकत मूलतः गाजीपुर के बारा गहमर गांव का रहने वाला है। गिरफ्तारी के समय अपने आपको इलाहाबाद हाईकोर्ट का अधिवक्ता बताकर धौंस जमाने की कोशिश की थी।

**माफिया अतीक अहमद और अशरफ जेल से करते थे फोन :** सदाकत एसटीएफ को पूछताछ में बताया है कि अहमदाबाद की जेल में बंद माफिया अतीक अहमद और उसका भाई अशरफ जोकि बरेली जेल में बंद है मुस्लिम बोर्डिंग के 36 नंबर कमरे में उमेश पाल की हत्या में शामिल शूटर्स, असद, गुलाम, गुड्डू मुस्लिम आदि से वाट्सएप कॉल से जुड़ते थे।उमेश पाल की हत्या की साजिश बहुत पहले ही अतीक अहमद ने अहमदाबाद जेल से रच दी थी, जिसे अमलीजामा पिछले सप्ताह सदाकत के नेतृत्व में पहनाया गया। सदाकत के नेतृत्व में मुस्लिम बोर्डिंग हॉस्टल के कमरे में कई बार हुई। इसके बाद हत्याकांड की स्क्रिप्ट लिखी गई। प्रयागराज के पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा ने बताया कि हत्याकांड की साजिश के दौरान जेल से माफिया अतीक अहमद व उसके भाई अशरफ ने वीडियो और ऑडियो कॉल किए हैं इस बात के पुलिस के पास पक्का सबूत हैं।मुस्लिम हॉस्टल के कमरे में साजिश रचने और साजिश कताओं के बारे में भी अहम सुराग मिले हैं। सदाकत खान हॉस्टल कमरे के सर्च के बाद एसटीएफ के कब्जे से भागने की कोशिश की, जिसके बाद वह डिवाइडर से टकरा गया। उसे चोट भी आई थी।

# ग्राम विकास अधिकारी संघ चुनाव में दयाराम सेठ संरक्षक व आलोक कुमार जिला अध्यक्ष नियुक्त

अखंड भारत संदेश



**सोरांव।** होली की पूर्व संध्या पर तथा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सोमवार को ग्राम विकास अधिकारी संघ उत्तर प्रदेश शाखा जनपद प्रयागराज की एक आवश्यक बैठक विकास भवन सभागार मैं संपन्न हुई। जिसमें कर्मियों के उत्पीड़न एवं सहायक विकास अधिकारी सांख्यिकी, सहकारिता तथा आईएसबी के पद पर प्रोन्नत किए जाने पर चर्चा व कर्मियों के लंबित देयको के संबंध में विस्तार से चर्चा करते हुए उनके निदान कराने की बात की गई। कार्यवाही को आगे बढ़ाते हुए जनपद कार्यकारिणी के गठन पर भी चर्चा की गई जिसमें कुछ जनपद पदाधिकारियों के जनपद से बाहर चले जाने अथवा मृतक हो जाने की स्थिति में खाली हुए पद पर नए पदाधिकारियों का चयन करते हुए सर्वसम्मति से निर्णय कार्यकारिणी गठित की गई। जिसमें दयाराम सेठ संरक्षक, आलोक कुमार जिला अध्यक्ष, प्रमोद कुमार त्रिपाठी मंत्री, हेमंत सिंह प्रांतीय प्रतिनिधि, मनोज कुमार वर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष,सौरभ सिंह उपाध्यक्ष, मयंक मौली मौर्य संगठन मंत्री, इंद्र बहादुर सिंह संयुक्त मंत्री, शेखर श्रीवास्तव प्रवक्ता, अनिल सिंह उपाध्यक्ष गंगापार, आलोक त्रिपाठी उपाध्यक्ष यमुनापार, राजेश कुमार पांडे कोषाध्यक्ष, संजय शर्मा मीडिया प्रभारी, संघ सुधांशु पटेल ऑडिटर के तौर पर नवनिर्वाचित हुए। और अंत में सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के सफल कार्यक्रम के उपरांत सभी उपस्थित सम्मानित सचिवों को धन्यवाद के बाद बैठक समाप्त की गई। तथा इस चयन की प्रक्रिया की प्रति प्रयागराज जनपद के सभी खंड विकास अधिकारी व जिला विकास अधिकारी तथा मुख्य विकास अधिकारी संघ प्रांतीय अध्यक्ष, मंत्री ग्राम विकास अधिकारी संघ उत्तर प्रदेश लखनऊ को प्रेषित किया गया।

### असद के लिए फिक्रमंद है जेल में बंद अली, हाई सिक्योरिटी बैरक में लगातार की जा रही निगरानी

**नैनी।** अधिवक्ता उमेश पाल हत्याकांड ने माफिया अतीक अहमद और उसके परिवार की बेचैनी तब से बढ़ी है। जब से इस शूटआउट में उसके घर के लाडले मोहम्मद असद का नाम आया है। पिता, मां, चाचा के साथ - साथ सेंट्रल जेल नैनी में बंद बड़ा भाई मोहम्मद अली भी छोटे के लिए परेशान है। उसकी बेचैनी का आलम यह है कि 2 दिन पहले जेल के अंदर उससे मिलने पहुंचे तीन अधिवक्ताओं ने करीब आधे घंटे की मुलाकात की। जिसमें उसने एक दर्जन से ज्यादा बार असद के बारे में पूछा। पुलिस द्वारा लगातार की जा रही कार्रवाई से अली इन दिनों काफी बेचैन रहता है। सेंट्रल जेल नैनी के हाई सिक्योरिटी बैरक के अलग सेल में बंद अली की निगरानी चार लंबरदार व चार कैमरे के माध्यम से की जा रही है। इन दिनों उसकी खुराक भी कम हो गई है सूचना का कोई माध्यम ना होने के कारण वह लंबरदारो से बाहर हो रही गतिविधियों के बारे में जानकारी लेने की कोशिश करता है। सूत्रों के अनुसार इन दिनों वह असद की सुरक्षा को लेकर काफी बेचैन है। जेल ट्रांसफर किए जाने की खबर भी उसकी परेशानी का कारण बनी हुई है।



# रंग नही पारम्परिक शस्त्रों का प्रदर्शन कर मनाते है होली

### कोटवा, जमुनीपुर गांव आज भी कायम है 250 साल पुरानी परंपरा

**हनुमानगंज।** क्षेत्र के कोटवा जमुनीपुर में आज भी 250 साल पुरानी परंपरा कायम है होली के दिन लोग रंग नहीं बल्कि पारंपरिक शस्त्रों का प्रदर्शन कर होली मनाते हैं। जिस की तैयारी में ग्रामीण पखवाड़े भर से लगे हुए हैं। रात में ग्रामीण बाजे का रिहर्सल करते हैं तो वही दिन में पारंपरिक शस्त्रों की साफ सफाई करने में लगे हैं।कोटवा निवासी डॉ शशिकेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि 250 साल पहले हमारे पूर्वजों ने सभी जाति के लोगो के साथ होली के ही दिन नवाब के मुलाजिम को मारकर पूरे क्षेत्र को कर वसूली से निजात दिलाई थी। तब से यहाँ के लोग होली के दिन अपने पूर्वजों के विजय जश्न के रूप में मनाते है। होली के दिन सुबह कोटवा, जमुनीपुर, बेलवार, सोतापुर से सभी जाति के बच्चे, बूढ़े, नवजवान नए कपड़े पहन कर सर पर केशरिया साफा बाधे, हाथों में भाला, तलवार, गड़ासा, लाठी, फरसा लिए नगाड़े की धून पर नाचते गाते एक हुजूम बना कर दुवार्षा आश्रम पहुचते है जहा ऋषिराज दुवार्सा के दर्शन के बाद नवाब के मुलाजिम की कब्र पर विरोध प्रदर्शन करते है। फिर उसी तरह शाम को जमुनीपुर में सत्ती मईया व ऐन्द्री माता के दर्शन कर लोग अपने घर को लौटते है। होली के 15 दिन पहले से ग्रामीण अपने पूर्वजों की विजय जश्न की तैयारी में जुट गए है। रात में एक जगह एकत्रित हो कर ग्रामीण नगाड़े का रिहल्सल कर रहे है।


# कार्यालय जिला कृषि अधिकारी कौशांबी

### प्रेस विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि संयुक्त कृषि निदेशक प्रयागराज मण्डल प्रयागराज के पत्रांक 1551 दिनांक 19.11.2022 के परिपालन में जनपद के राजकीय कृषि प्रक्षेत्रों / विधायन संयंत्र पर अवशेष बीजों / छानस आदि का निस्तारण नीलामी कमेटी के सामने खुली बोली द्वारा दिनांक 25.03.2023 को केन्द्रीय बीज भण्डार मंझनपुर के प्रागंण में सुबह 11 बजे से सम्पन्न होगी इच्छुक बोली दाता उपस्थित होकर भाग लें सकते हैं। स्टॉक की मात्रा किसी भी कार्य दिवस कौरवराज में बीज विधायन संयंत्र / राजकीय कृषि प्रक्षेत्र कोखराज पर देखी जा सकती है।

जिला कृषि अधिकारी
कौशांबी।

पत्रांक : 545 प्रेस विज्ञप्ति/ नीलामी/2022-23

## वाहन चालक के खिलाफ लापरवाही का मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए पीडित को टक्कर मारकर चुटहिल करने के आरोप मे पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। लीलापुर थाने के तिना निवासी श्रीपाल की पत्नी गीता गुप्ता ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती ग्यारह फरवरी को शाम सात बजे किसी काम से लालगंज आया था। बाजार मे अचानक तीव्र गति से आ रही बाइक ने उसके पति को टक्कर मार दिया। दुर्घटना मे श्रीपाल को गंभीर चोटें आ गयी। तहरीर के आधार पर लालगंज पुलिस ने रविवार की रात बाइक चालक लालगंज के तकिया बारेडीह निवासी सलीम के पुत्र हबीब के खिलाफ लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने का केस दर्ज किया है।

हर स्वर में हो सुमिरन तेरा, यूं बीत जाय जीवन मेरा....

# मकन्द्रूगंज में हो रही भागवत कथा में बह रही आध्यात्म की रसधारा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर के मकन्द्रूगंज वार्ड में सेवानिवृत्त बैंक प्रबंधक चंदशेखर मिश्र के यहां विगत तीन दिनों से कथावाचक बाल शुक आचार्य देवव्रत जी महराज द्वारा भागवत कथा के माध्यम से आध्यात्म की रसधारा बह रही है। ईश्वर कहां मिलेंगे और उनका काम क्या है जैसे गूढ़ प्रश्नों का अपने संगीतमयी प्रवचन में आसान उत्तर देते हुए कहते हैं कि ईश्वर एक है, अनेक नहीं।

उन्होंने कहा कि चाहे राम कहो, चाहे श्याम, भगवान एक ही हैं। उनके नाम अलग-अलग हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान को भक्ति से पाने के लिये एक आराध्य की आवश्यकता होती है, फिर समर्पण की भावना



मकन्द्रूगंज में चल रही भागवत कथा कहते आचार्य देवव्रत महराज

से की गई भक्ति से भगवान मिल जाते हैं। उन्होंने कहा कि हर स्वर में हो सुमिरन तेरा, यूं बीत जाए जीवन मेरा का भाव हो। उन्होंने कहा कि भगवान मिलते हैं तो सबका कल्याण करते हैं। उन्होंने भागवत कथा को निगम कल्प बताते हुए भक्ति के बारे में विस्तार से चर्चा की।

कथा के मुख्य यजमान स्टेट बैंक के सेवानिवृत्त प्रबंधक



मकन्द्रूगंज में चल रही भागवत कथा सुनते लोग।

चंद्रषेखर मिश्र व उनकी पत्नी शीला हैं। इनका सहयोग चंद्रलाल मिश्र व उनकी पत्नी उमा, सुरेष चंद्र मिश्र उनकी पत्नी निर्मला तथा विनीत कुमार मिश्र, समन्वय मिश्र, भानवी मिश्र, सुभ्रांत मिश्र सहित पूरा परिवार कर रहा है। इस संगीतमयी कथा में शहर के गणमान्य व्यक्ति, महिलाएं व बच्चे बड़ी संख्या में आ रहे हैं जिसमें पं0 श्याम किषोर शुक्ल, संतोष पाण्डेय, अनीता पाण्डेय, सारिका श्रीवास्तव, बीएन मेहरोत्रा, विपिन श्रीवास्तव, आलोक मिश्रा, संतोष भगवन, सत्यदेव पाण्डेय, शैलेष तिवारी आदि मौजूद रहे।

रंग बरसे चुनर वाली, रंग बरसे...

## हैप्पी टाइम स्कूल में बच्चों ने होली पर मचाया धमाल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** स्कूल में होली का अवकाष होने के अंतिम दिन नन्हे-मुन्ने बच्चों ने भी होली का रंग गीतों के माध्यम से स्कूल प्रांगण में खूब बिखेरा। नगर के नया माल गोदाम रोड स्थित हैप्पी टाइम स्कूल में रंग बरसे चुनर वाली रंग बरसे चर्चित गीत पर खूब थिरकते हुए अबीर-गुलाल उड़ाया।

सोमवार को ज्यादा समय बच्चों की पढ़ाई हुई, फिर अंतिम घंटे में सभी बच्चे अबीर गुलाल लेकर स्कूल के मैदान में आ गए और कुछ पलों में बच्चों व षिक्षिकाओं का चेहरा रंग बिरंगा हो गया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने षिक्षिकाओं को तिलक लगाकर आषीर्वाद लिया। इस अवसर पर प्रबंधक शैलेन्द्र मिश्र ने कहा कि रंगों का यह त्योहार होली सौहार्द और भाईचारे का त्योहार है। बच्चों में उत्साह इस कदर था कि यहां धर्म जाति का कोई भेद दिखाई नहीं पड़ा। सभी बच्चे खुष थे। बच्चे इस हुड़दंग कार्यक्रम में बहुत



हैप्पी टाइम स्कूल में रंगों से खेलते नन्हे-मुन्ने बच्चे।

खुष थे। बच्चों को नियंत्रित करने के लिये कंचन मिश्रा, आंचल मिश्रा, अरबिया, काजल तिवारी, सीमा पटेल, सृष्टि, कंचनलता, हेमा मंदान ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## नौनिहालों ने होली पर मनाया जश्न

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर स्थित मदर मैरी एण्ड जीसस कान्वेंट स्कूल में सोमवार को नौनिहालों के बीच होली के पर्व पर विविध आयोजन हुए। विद्यालय मे नौनिहालों का मुंह मीठा कराकर होली के त्यौहार के उददेश्य पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में प्रबंधक मनोज कुमार सिंह ने बच्चों को होली के पर्व को लेकर ज्ञानवर्धक जानकारियां दी। बच्चों ने एक दूसरे को अबीर व गुलाल लगाकर गले लगाकर होली की खुशियां साझा की। कार्यक्रम का संयोजन प्रधानाचार्या शबाना खान ने किया। इस मौके पर शिवशंकर सिंह, सुनील यादव, मनीषा सिंह, गुंजन शुक्ला, उज्ज्वल सिंह, प्रदीप सिंह, ओम यादव, शुभी जायसवाल, अर्चना विश्वकर्मा, नसरीन बानो व प्रतिमा सिंह आदि रहे।

## सदभावना का माहौल मजबूत बनाने मे अधिवक्ताओं का योगदान महत्वपूर्ण-एसडीएम

**अखंड भारत संदेश**

### संयुक्त अधिवक्ता संघ द्वारा होली मिलन में उडे अबीर गुलाल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय तहसील सभागार मे सोमवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। संयुक्त अधिवक्ता संघ के तत्वाधान मे हुए समारोह मे वकीलों तथा अधिकारियो व कर्मचारियों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

बतौर मुख्य अतिथि एसडीएम उदयभान सिंह ने कहा कि होली के पर्व से हमे आपसी समरसता व मेलजोल की मजबूती की प्रेरणा मिला करती है। उन्होने कहा कि सामाजिक सदभावना का माहौल बनाने मे अधिवक्ताओं का योगदान सदैव अग्रणी रहा है। विशिष्ट अतिथि तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने होली को सामाजिक विषमता मिटाने वाला पवित्र पर्व ठहराया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व संचालन पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। राज्य कर्मचारी महासंघ के पूर्व अध्यक्ष रामलोचन त्रिपाठी ने कर्मचारी संवर्ग की ओर से पर्व की महत्ता पर प्रकाश डाला। अधिवक्ता रामलगन यादव, विनय शुक्ल, शैलेन्द्र सिंह बघेल ने फाग गीत सुनाकर माहौल को उल्लासमय बना दिया। समारोह को पं. राधारमण शुक्ल, उपाध्यक्ष बीके तिवारी, महामंत्री शेष तिवारी, पूर्व अध्यक्ष राममोहन सिंह, राव वीरेन्द्र सिह, विकास मिश्र, कालिका प्रसाद पाण्डेय, हरिशंकर द्विवेदी, संदीप सिंह, जितेन्द्र सिंह, नरेन्द्र ओझा, ने भी संबोधित कर सामाजिक समरसता की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। इस मौके पर विपिन शुक्ल, पारसनाथ सरोज, कमलेश तिवारी, सिंटू मिश्र, संजय सिंह, संजय द्विवेदी, हरिश्चंद्र पाण्डेय, सुरेश मिश्र, राहुल मिश्र, राजेश पाण्डेय, प्रभाकर पाल, मिथलेश त्रिपाठी, प्रमोद तिवारी, विजय श्रीवास्तव, अखिलेश श्रीवास्तव, नामवर सिंह आदि अधिवक्ता रहे।

# दिव्यांग बच्चों के संग क्लब ने मनाया होली का त्योहार, दिए विभिन्न उपहार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** एलायंस क्लब इंटरनेशनल प्रतापगढ़ के पदाधिकारियों ने गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी राजकीय अक्षम विद्यालय भंगवा चुंगी में पहुंचकर दिव्यांग बच्चों के संग खुशियां बांटी। क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर रोशनलाल उमरवैश्य की अगुवाई में दिव्यांग विद्यालय में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया सभी बच्चों को गोझिया, पिचकारी, रंग, टोपी आदि उपहार देकर होली की खुशियां बांटी गई।

क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि क्लब हर घर में होली का त्यौहार मनाया जाए इसी क्रम में हर वर्ष की तरह आज भी दिव्यांग बच्चों को होली की खुशियां बांटी गई और बच्चों को विभिन्न होली के उपहार देकर बच्चों का हौसला बढ़ाया गया। रोशन लाल ने कहा कि हम सब अपने घरों में विभिन्न प्रकार के मिष्ठान आदि बनाते हैं हम सब का भी कर्तव्य है कि दीन, दुखी, असहाय, दिव्यांगों को भी होली के त्योहारों में बने मिष्ठान आदि देकर उनके साथ होली की खुशियां साझा करने से मन को तसल्ली मिलती है और सभी के घर होली की खुशियां पहुंचे तभी त्यौहार की सार्थकता होती है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य प्रफुल्ल गुप्ता, छेदीलाल, देवानंद, संतोष कुमार, डॉ दयाराम मौर्य, शिवेश शुक्ला, परमानंद मिश्रा, शिवम खंडेलवाल, विवेक कुमार, आदर्श कुमार, अनिरुद्ध तिवारी, शंकरलाल आदि ने बच्चों के साथ होली का त्यौहार मनाया।

## दो दिन पहले ही अराजकतत्वों ने फूंक दिया होलिका, आक्रोश

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शहर के पल्टन बाजार में षिव मंदिर के पास मोहल्लेवालों द्वारा लगाई गई होलिका के लिये तैयारी अभी की ही जा रही थी कि रविवार की रात अराजकतत्वों ने उसमें आग लगा दी जिससे होलिका दो दिन पहले ही जलने लगी। लोगों को होलिका जलने की खबर मिली तो वह बाहर निकल आए। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। कुछ ही देर में पुलिस भी वहां पहुंच गई। जलती होलिका को बुझाकर पुलिस ने साफ-सफाई कराई और फिर से होलिका लगवाने के लिये लकड़ी देने का भरोसा दिया, तब लोग माने। आग किसने लगाई, अभी इसका पता नहीं चल पाया है। पुलिस इस संवेदनषील मामले पर गंभीरता बरत रही है और बदमाषों की तलाष में जुटी है लेकिन इस सम्बन्ध में अभी कोई गिरफ्तारी नहीं हुई।

## बकरी चुराने आये बदमाश को ग्रामीणों ने पकड़ा

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगज थाना क्षेत्र के मिश्रपुर गाँव मे शनिवार की रात खूंटे से बंधी बकरी को खोलकर चुराते समय ग्रामीणों की नजर पड़ गई जिसको ग्रामीणों ने दबोच लिया और दूसरा साथी फरार हो गया घटना की सूचना ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मनोज कुमार उर्फ गुड्डू ओझा ने नवाबगज पुलिस को दी मौके पर पुलिस ने तलाशी के दौरान पकड़े गए अभियुक्त के पास एक अदद 315 बोर तमन्चा व 2 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ सुपर स्टेपलेंडर मोटरसाइकिल बरामद कर थाने ले गए जिसने पूछ ताछ में पुलिस को अपना नाम सलीम पुत्र असदुल्ला निवासी कुरैशी का पुरवा राहटीकर थाना उदयपुर प्रतापगढ़ बताया पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्त के खिलाफ मु0 अ0 स0 37/2023धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया और मोटरसाइकिल को धारा 207 एमवी एक्ट में सीज कर दिया।

## अवैध शराब बरामद, मुकदमा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने औचक छापेमारी कर दो आरोपियो के पास से बीस लीटर शराब बरामद किया है। दरोगा अनीस यादव फोर्स के साथ गश्त कर रहे थे। इस बीच रमनी का पुरवा मेढ़ावां गांव के रास्ते मे दो संदिग्ध आरोपी पुलिस को देख भागने लगे। पुलिस ने आरोपियो को पकडा तो दोनों के पास से दस दस लीटर पिपिया मे शराब बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी गांव के स्वर्गीय अशरफी की पत्नी प्रेमा देवी व स्वर्गीय ननकऊ की पत्नी ननकी के खिलाफ आबकारी अधिनियम का केस दर्ज किया है।

## ब्लाक कालाकांकर के अंधरीपुर सचिवालय का ताला तोड़कर उपकरण चोरी, मचा हड़कम्प

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र में इन दिनों चोर नवाबगज पुलिस पर भारी पड़ रहे है और लुका छिपी का खेल खेलकर घटना को अंजाम दे रहे है। हाल ही में परियावां व नवाबगज से चोरों से दो ई रिक्शा को गायब किया जो लावारिश थोड़ी दूर पर मिला जिसकी कीमती बैटरा लगभग 15-15 हजार रुपये के खोलकर चुरा ले गए जिसका पता नही चल सका।

इसी तरह विकास खण्ड कालाकांकर की ग्राम पंचायत अंधरीपुर के अदलाबाद में सुनसान जगह पर बना मिनी सचिवालय के कम्प्यूटर रूम का अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर कंप्यूटर के साथ उपकरण चुरा ले गए सुबह जब कार्यरत संविदाकर्मी कम्प्यूटर ऑपरेटर सचिवालय पहुँचा तो कमरे का ताला के साथ दरवाजा टूटा पाया और अंदर रखे उपकरण गायब थे जिसकी जानकारी ग्राम प्रधान डॉ मनोज कुमार पटेल व ग्राम पंचायत सचिव को दी मौके पर ग्राम प्रधान मनोज कुमार पटेल ने चोरी गए उपकरण, कम्प्यूटर, लैपटॉप, बैटरा, यूपीएस व कुछ जरूरी कागजात चोरी हो जाने की तहरीर नवाबगंज पुलिस को दी पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है।क्षेत्र में छोटी मोटी घटनाओं का खुलासा न होने से चोरो के पौ बारह है और आये दिन कही न कही छोटी छोटी घटनाओं को अंजाम देने में पीछे नही हट रहे है जो पुलिस के लिए सिर दर्द बनता जा रहा है।

# कृत्रिम गभाधार्न पर प्रशिक्षण सम्पन्न, दी गई जानकारी

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** जनपद के विकास में डेरी व्यवसाय एक प्रभावी व्यवसाय है। जनपद में डेरी पशुओं की संख्या अधिक होने के बाबजूद दूध उत्पादकता उस स्तर की नही है। इसके कई कारण है जैसे कि अच्छी नस्ल के पशुओ की कमी, संतुलित आहार का न होना, बेहतर प्रजनन तथा अच्छी स्वास्थ्य सुविधाओ का अभाव इत्यादि।

इन कमियो के साथ-साथ पशुओ में कृत्रिम गभाधार्न को लोगो द्वारा कम अपनाना और कृत्रिम गभाधार्न की सुविधा का लोगों तक कम पहुंचना भी एक प्रमुख कारण है। कृत्रिम गभाधार्न



कृत्रिम गभाधार्न प्रशिक्षण के दौरान अतिथिगण।

नस्ल सुधार के लिये एक महत्वपूर्ण तकनीक है। इसको अपनाकर नस्ल सुधार से दूध उत्पादन में बढोतरी होगी। कृत्रिम गभाधार्न तकनीकी रूप से कुशल व्यक्तियों द्वारा ही किया जाना चाहिए अन्यथा गर्भधारण की क्षमता पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। इसी को ध्यान में रखते हुए कृषि विज्ञान केन्द्र के विषय वस्तु विशेषज्ञ (पशु चिकित्सा) डा0 अमित बरनवाल द्वारा नवयुवकों हेतु कृत्रिम गभाधार्न का 10 दिवसीय स्ववित्त पोषित प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षार्थियों को मादा पशुओं के प्रजनन अंगां की जानकारी, गर्मी के लक्षण, गभाधार्न का उचित समय, हिमीकृत वीर्य, द्रवित नाइट्रोजन सिलेन्डर, कृत्रिम गभाधार्न के यंत्रों का रखरखाव आदि के बारे में विधिवत जानकारी प्रायोगात्मक तरीके से दी गयी। इसके अतिरिक्त प्रशिक्षार्थियों को स्वच्छ दुग्ध उत्पादन, संतुलित आहार, साफ-सफाई, पशुओं की बीमारियों को पहचानने और उन्हें प्राथमिक चिकित्सा उपचार देने के लिए महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी। इसके अलावा केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में भी बताया गया। केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं हेड डा0 ए0के0 श्रीवास्तव ने बताया कि कृत्रिम गभाधार्न एक वैज्ञानिक तकनीक है। पशुपालन व्यवसाय में कृत्रिम गभाधार्न ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है इससे पशुओं के नस्ल में काफी सुधार हुआ है और दुग्ध उत्पादन क्षमता में वृद्धि हुई है। नस्ल सुधार के लिए इससे बेहतर कोई दूसरी तकनीकि नहीं है। प्रशिक्षणोपरान्त ज्ञान आकलन हेतु परीक्षा भी करायी गयी तथा सफल प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र दिया गया। सफल प्रशिक्षार्थी किसानों के सम्पर्क में रहकर कृत्रिम गभाधार्न कर सकेगें तथा पशु नस्ल सुधार में अहम भूमिका निभा सकेगे। महेन्द्र कुमार, अखिलेश कुमार, अभिशेख तिवारी, सुशील पटेल, शिवम कुमार, राहुल कुमार यादव, आयुष पाण्डेय, पारसनाथ पटेल आदि प्रमाणपत्र प्राप्त कर काफी प्रफुल्लित है।

## घायल ने तोड़ा दम, वाहन चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** दुर्घटना में घायल की मौत को लेकर पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। लीलापुर थाना के कोठार मंगोल निवासी गुडडी कोरी पत्नी प्यारेलाल कोरी ने सोमवार को पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती चार मार्च को शाम पांच बजे उसका पति रामप्यारे ई रिक्शा से लालगंज आ रहा था। इस बीच लालगंज के संगम चैराहे के समीप एलआईसी आफिस के सामने नेशनल हाइवे पर सामने से आ रही कार ने ई रिक्शा को टक्कर मार दी। दुर्घटना मे उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। जिला अस्पताल मे इलाज के दौरान उसके पति रामप्यारे की मौत हो गयी।

# समाज में महत्वपूर्ण स्थानों पर कार्यरत हैं महिलाएं: विधायक

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर अफीम कोठी सभागार में हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सशक्त नारी, सशक्त उत्तर प्रदेश के जोश और जज्बे के साथ अफीम कोठी सभागार में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2023 जिलाधिकारी डॉ नितिन बंसल एवं मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया के कुशल निर्देशन में भव्य रुप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ और मुख्य अतिथि जीतलाल पटेल विधायक विश्वनाथगंज का स्वागत रन बहादुर वर्मा, जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रतापगढ़ द्वारा बुके के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न विभागों की 26 महिलाओं को उनकी विशिष्ट उपलब्धियों के लिए मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित भी किया गया और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जीत लाल पटेल विधायक विश्वनाथगंज रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर मोहम्मद अनीस ने किया। मुख्य अतिथि ने सभी महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विधायक द्वारा सम्मानित महिलाएं।

दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदेश की महिलाओं को बेटियों की सुरक्षा, संरक्षा और नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाएं एवं कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज जब समाज में नारी आगे बढ़ रही है, दुनिया के सभी दस्तूर और रस्मो रिवाज बदल रहे। हमारी महिलाएं आज समाज में महत्वपूर्ण स्थानों पर कार्यरत है एवं पूर्ण रूप से स्वतंत्र है और घूंघट और घर से बाहर आकर समाज के सभी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। इस अवसर पर विचार व्यक्त करने बालों में प्रमुख रूप से आरसी शर्मा पीडी प्रतापगढ़, अरुण मौर्य प्रतिनिधि विधायक सदर जया यादव महिला कल्याण अधिकारी प्रतापगढ़, सुनीता सरकार, डॉ पारुल सक्सेना, महताब खान चाइल्ड लाइन, विनम्र विश्वकर्मा, योगेश शुक्ला, सुषमा सिंह, बबीता, बीनू सिंह आदि रहे। सम्मानित होने वाली महिलाओं में प्रमुख रूप से डॉक्टर पारुल सक्सेना, कुमारी प्रियंका जायसवाल, बबिता सिंह, अंजलि त्रिवेदी, प्रियंका शुक्ला, वत्सला सिंह, गुंजा, सुषमा सिंह आदि मौजूद रही।

## विद्यालय के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में बच्चों ने मचाया धमाल

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी तहसील क्षेत्र के नव प्रभात एकेडमी में सोमवार को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में बच्चों ने जमकर धमाल मचाया। रंग गुलाल उड़ाकर होली खेली तो वही मेधावियो को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

तहसील क्षेत्र के रमईपुर चैराहे पर स्थित नव प्रभात एकेडमी में सोमवार को विद्यालय का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना के साथ प्रारंभ हुआ विद्यालय की छात्रा अंजू गुड़िया ने सरस्वती की वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उसके बाद आए हुए अतिथियों का स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। उसके बाद सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में शीर्ष 10 मेधावीयों को मेडल पहनाकर तथा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रिया पटेल, प्रियंका रजक, अंकुश पटेल, अमित पटेल, भावना पटेल सहित 10 मेधावियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद समाजसेवी शिव कुमार चैरसिया तथा राजेश कुमार यादव ने अपने संबोधन में मौजूद छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद पूर्व शिक्षक हवलदार सिंह ने छात्र छात्राओं को आगे बढ़ने की नसीहत देते हुए उन्हें परिश्रम और लगनशीलता के साथ आगे बढ़ने कि सीख दिया।

## अधिषाशी अधिकारी ने वार्डों का किया निरीक्षण, साफ-सफाई का दिया निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** होली के उपलक्ष्य में नगर पालिका बेला प्रतापगढ़ के अधिशासी अधिकारी राम अचल कुरील द्वारा शहर के सभी वार्डों का निरीक्षण किया गया जिसमें प्रमुख रूप से गोपाल मंदिर जिसमें महामूर्ख सम्मेलन का आयोजन होता है, उसको विधिवत साफ सफाई करने का निर्देश दिए। पड़ाव वार्ड के निरंकारी गली में प्राप्त शिकायत को देखने के लिए स्वयं पहुंचे साथ में सफाई निरीक्षक एवं सफाई प्रभारी संतोष कुमार सिंह द्वारा शिकायत स्थल पर ले जाया गया जिस पर डेयरी संचालक जिसके द्वारा शिकायत की गई और दोनों पक्षों को निर्देशित किया गया कि आप डेयरी को तुरंत हटा लें तथा इसके पहले डेयरी के गोबर और मलवा हटाकर बाउंड्री वाल कराई गई जिसका अभी स्वयं निरीक्षण किया गया तथा डेयरी संचालक को होली के बाद वहां से डेयरी विस्थापित करने का निर्देश दिया गया। उसके बाद आज अधिशासी अधिकारी द्वारा कटरा रोड विकास भवन के पास नाला साफ करते कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि नाला सफाई के तुरंत बाद एंटी लार्वा व आसपास झाड़ियों को भी साफ किया जाए और उप जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार अंबेडकर चैराहे के पास अंबेडकर मूर्ति के पास में बनाई गई होलिका को 15 मीटर दूर कराया गया तथा सभी सुपरवाइजर को निर्देशित किया गया कि साफ सफाई के साथ-साथ होलिका दहन के उपरांत जो बची हुई राख इत्यादि है उसे अगले दिन सुबह को तुरंत हटा लिया जाए, जिससे शहर साफ सुथरा दिखे और रंगों के त्यौहार होली पर सभी नागरिकों से अपील की जाती है कि कि सभी लोग मिलजुलकर सौहार्दपूर्ण होली का त्यौहार मनाए जैसे अपने शहर का नाम देश में रोशन रहे।



वार्डों का निरीक्षण करते अधिशषी अधिकारी राम अचल कुरील।

## खबर संक्षेप

### दहेज हत्या के दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा दो वांछित अभियुक्तों अमन कुमार सरोज पुत्र शिवदास सरोज व शिवदास सरोज पुत्र चिन्गानी सरोज निवासीगण शिवराज का डेरा अमीना पोस्ट गोराजू थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना करारी पुलिस बल द्वारा थाना करारी व थाना कोखराज व थाना सरायअकिल से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त पंचू पासी पुत्र छितानी निवासी ग्राम पेशकाटी थाना करारी को बैशकाटी नहर पुलिया से गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से चोरी किये गये सामानों को विक्री किये हुये पैसे में से 1500 रुपये बरामद कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# होलिका दहन होली शबे बरात त्योहार को लेकर प्रशासन ने कसी कमर

## 03सुपर जोन -12 जोन एवं 42 सेक्टरों में अधिकारियों की ड्यूटी लगाई

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जिला मजिस्ट्रेट ने होलिका दहन एवं होली शबे बरात पर्व पर शान्ति व्यवस्था एवं साम्प्रदायिक सौहार्द बनाये रखने के लिए सुपर जोनल जोनल सेक्टर मजिस्ट्रेट सेक्टर पुलिस अधिकारी की ड्यूटी लगाई है मजिस्ट्रेट सुजीत कुमार ने दिनांक 07 मार्च को होलिका दहन एवं 08 व 09 मार्च 2023 को होली शबे बरात पर्व पर शान्ति व्यवस्था एवं साम्प्रदायिक सौहार्द बनाये रखने के लिए सुपर जोनल /जोनल सेक्टर मजिस्ट्रेट सेक्टर पुलिस अधिकारी की ड्यूटी लगायी है जो अपने अपने तैनाती स्थल पर तैनात रहते हुए पुलिस अधिकारियों से समन्वय बनाकर सौहार्द एवं शान्तिपूर्ण माहौल बनाये रखने में सहयोग प्रदान करेंगे तथा शान्ति व्यवस्था के लिए पूर्ण रूप से उत्तरदायी होंगे उन्हांने जनपद को 03सुपर जोन -12 जोन एवं 42 सेक्टरों में विभाजित करते हुए अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है मंझनपुर टेंवा नारा शमसाबाद कस्बा करारी रक्सवारा अर्का महावीर पुर पूरब शरीरा पश्चिम शरीरा सरसवां हिनौता, महिला कस्बा सराय अकिल कनैली तिल्हापुर बेनीराम कटरा सुरसैनी आलमचन्द्र चरवा सैयद सरावां मूरतगंज, चायल कटौला गौसपुर, रावतपुर रहिमाबाद मकदूमपुर लोधौर भरवारी शहजादपुर सिंधिया बालक मऊ अजुहा परास सैनी घोसियाना, देवीगंज, कड़ाधाम, अलीपुर जीता दारा नगर अफजल पुरवारी मो0पुर अनेठा एवं उदहिन खुर्द को सेक्टर बनाया गया है।



त्योहार को लेकर जिलाधिकारी ने अधिकारियों के ड्यूटी की जानकारी देते

# अनाथ महिला को मिली पट्टे की जमीन पर दबंगों ने कर लिया कब्जा !

### 2 वर्षों से न्याय के लिए अधिकारियों की चौखट पर दौड़ लगाते लगाते निराश हो गई महिला

**कौशाम्बी।** योगीराज में केवल कागजों में गरीबों को न्याय मिल रहा है जमीनी हकीकत में गरीब न्याय के लिए तरस रही हैं अधिकारी से लेकर मंत्री तक योगी सरकार के कार्यकाल में न्याय का ढिंढोरा पीट कर जश्न मना रहे हैं लेकिन गरीब कमजोर मजलूम न्याय के लिए तरस रहे हैं ताजा मामला मंझनपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत भेलखा है। जानकारी के मुताबिक मंझनपुर तहसील थाना क्षेत्र के भेलखा गांव की गरीब महिला मैकी देवी पत्नी मिश्रीलाल सरोज को कई वर्षों पूर्व सरकारी जमीन पर इस उम्मीद से पट्टा दिया गया था कि वह खेती किसानी करके अपने परिवार का जीविकोपार्जन करेगी लेकिन तहसील से पट्टा मिलने के बाद 2 साल पहले गांव के दबंगों ने जबरिया जमीन पर कब्जा कर लिया जमीन में कब्जा होने के बाद दबंगों से जमीन वापस पाने के लिए मैकी सरोज मंझनपुर कोतवाली से लेकर पुलिस अधीक्षक तक तहसील मंझनपुर से लेकर जिला अधिकारी तक दर्जनों प्रार्थना पत्र दे चुकी है लेकिन योगीराज में कमजोर महिला को न्याय नहीं मिल सका है अधिकारी न्याय देने की बात कर रहे हैं लेकिन योगी सरकार का न्याय धराशाई होता दिख रहा है जिससे पट्टे की भूमि दबंगों ने कब्जा कर लिया है थाना समाधान दिवस तहसील समाधान दिवस सहित विभिन्न दिवस के साथ-साथ डीएम एसपी कार्यालय में भी शिकायती पत्र देकर महिला ने न्याय की गुहार लगाई लेकिन अधिकारियों को फर्क नहीं पड़ा महिला फरियाद करती रही और उसकी जांच के नाम पर अधीनस्थों को शिकायती पत्र सौपते रहे धीरे-धीरे 2 वर्ष बीत गया है महिला को अपने पट्टे की जमीन पर कब्जा नहीं मिल सका है जबकि सरकारी अभिलेखों में तहसीलदार ने लिखा है कि महिला पट्टे की जमीन पर काबिज है आखिरी यह झूठ की कहानी योगी सरकार में कब तक चलती रहेगी गरीब कमजोर को टरकाने वाली आदत अधिकारियों की कब तक चलेगी यह तमाम सवाल योगी सरकार की व्यवस्था पर खड़े हो रहे हैं जमीन पर कब्जे के मामले में आला अधिकारियों ने यदि मामले की जांच कराई तो राजस्व लेखपाल और हल्का पुलिस की मुसीबत बढ़ना तय है लेकिन क्या योगी सरकार में अत्याचार करने वालों का साथ देने वाले लेखपाल और हल्का पुलिस के कारनामों पर उन्हें दंड मिल पाएगा यह बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है।

# 100 नवजात बालिकाओं का सीडीओ ने मनाया जन्मोत्सव

## उत्कृष्ट कार्य करने वाली 50 महिलाओं को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड प्रदान कर किया गया सम्मानित



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को सम्मानित करते मुख्य विकास अधिकारी



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी की अध्यक्षता में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में विकास भवन परिसर में मेगा ईवेन्ट ह्लअनंताह्व, श्शुभ होलीश कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, कन्या भ्रूण हत्या, दहेज हत्या, लैंगिक समानता का आह्वान करने के उद्देश्य से जन समुदाय को जागरूक किया गया इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा केक काटकर जनपद में जन्म लेने वाली 100 नवजात बालिकाओं का कन्या जन्मोत्सव मनाते हुये सभी बच्चों को बेबी किट वितरित किया गया एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 50 महिलाओं को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। उन्होंने उपस्थित महिलाओं एवं जनसामान्य को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं होली की शुभकामनायें दी कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी अभिषेक उपाध्याय, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, बीओ पीआडी, महिला कल्याण विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी सहित अधिक संख्या में महिलाएं एवं बालिकाएं उपस्थित रही।

### शराब के साथ 11 अभियुक्त किया गया गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** आगामी त्यौहार होली व शब-ए-बरात के दृष्टिगत जनपद में अवैध शराब के निर्माण एवं तस्करी के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में विभिन्न थानों द्वारा कुल 11 नफर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कब्जे से कुल 175 लीटर अवैध शराब बरामद की गयी गिरफ्तार सभी अभियुक्तों के विरूद्ध सम्बन्धित थानो पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तो का चालान न्यायालय कर दिया है।

### गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कड़ाधाम पुलिस बल द्वारा रात्रीगस्त वाहन चेकिंग के दौरान अभियुक्त मनमोहन पुत्र राम नरेश निवासी नरसिंहपुर कछुआ थाना सैनी को पतज्या तलाब के पास से 350 ग्राम नाजायज गाजा के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया है।

# प्रयागराज से गाजियाबाद जा रही कोयला लदी मॉलगाड़ी में लगी आग

## घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया काबू





**अखंड भारत संदेश**

**भरवारी कौशाम्बी।** थाना कोखराज अंतर्गत रेलवे स्टेशन भरवारी में कोयला लदी मॉलगाड़ी में अचानक आग लग गई आग की सूचना मिलते ही रेलवे विभाग सक्रिय हुआ और मामले की सूचना अग्निशमन विभाग को दी गई कोयला लदी मालगाड़ी को भरवारी रेलवे स्टेशन पर रोककर अग्नि शमन के कर्मचारियो ने घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया आग पर काबू पाने के बाद बड़ी घटना से बचा लिया गया 3 घंटे बाद मालगाड़ी को गंतव्य के लिए रवाना किया गया। बता दे कि प्रयागराज से गाजियां बाद की तरफ जा रही कोयला लदी मॉल गाड़ी में आग लगने की सूचना सोमवार की सुबह लगभग 6:00 बजे मनोहरगंज स्टेशन मास्टर ने भरवारी रेलवे स्टेशन मास्टर को दी कि मॉल गाड़ी में धुआं निकल रहा है बड़ी घटना घटने की जानकारी मिलते ही रेलवे विभाग के अधिकारियों द्वारा अग्नि शमन दल को मामले की सूचना दी गई मालगाड़ी में आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल विभाग भी तत्काल मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया अग्नि शमन दल की टीम की अगुवाई लाल जी गुप्ता कर रहें थे बैर हाल कोई बड़ी घटना घटने से बचा लिया आग बुझाने के बाद मॉल गाड़ी को गंतान्य स्थान को भेजा गया।

# जमीन मालिक को सूचना दिये बगैर विवादित जमीन पर लेखपाल जबरन कराने लगे नाप

### दबंगों के घर में बैठकर लेखपाल करते हैं अधिकारी को गुमराह

### लेखपाल की सियासत से हो सकती है गंभीर घटना विवादित स्थान पर बगैर फोर्स पहुंचे लेखपाल अधिकारी को कर रहे गुमराह

**अखंड भारत संदेश**

**कोखराज कौशांबी।** सिराथू तहसील के ककोढा ग्राम पंचायत में हाइवे पर स्थित बेशकीमती विवादित जमीन लेखपाल की कमाई का साधन बन गई है और दो पक्षो के बीच विवाद उत्पन्न कर लेखपाल मालामाल होना चाहते हैं। बताया जाता है कि एक दबंग के घर में बैठकर लेखपाल उत्पात मचा रहे हैं और दूसरे की जमीन दूसरे के नाम दर्ज कर मुआवजा दिलाने का असफल प्रयास कर रहे हैं जमीन मालिक को सूचना दिए बगैर बिना फोर्स के जमीन की नाप करने लेखपाल मौके पर पहुंच गए और अधिक जमीन की नाप करने लगे जिससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है लेखपाल के कारनामे से बड़ी घटनाएं घट सकती हैं बताया जाता है कि चंद रुपयों के लालच में लेखपाल ने मनमानी तरीके से नाप शुरू कर दी है ज्यादा जमीन राजस्व कर्मचारी द्वारा दूसरों की जमीन में दूसरों का नाम चढाकर वसूली कर रहे है वसूली के चलते ग्राम के ही कुछ दबंग व क्षेत्र के राजनैतिक रसूख नेताओं के सहयोग से जिनकी जमीन नहीं है वह उन लोगों को उकसाकर उनके साथ मिलकर व राजस्व कर्मचारी के साथ मिलकर दूसरे की जमीन का मुआवजा लेने का ठेका ले रहे है जमीन किसी और का मुआवजा किसी को दिलाने के लेखपाल के प्रयास से गांव में तनाव की स्थिति बन रही है जिससे कभी भी बड़ी घटना घट सकती है मामले को अधिकारियों को गंभीरता से लेकर विवादित लेखपाल पर कार्यवाही करते हुए मुआवजे की कारवाही वास्तविक व्यक्ति को दिलाने का प्रयास करना होगा तभी तनाव की स्थिति खत्म हो सकती है।

# पीडब्लूडी विभाग के पानी टैंकर से टकराकर बाइक सवार सफाई कर्मी की हुई मौत

## मौत की जानकारी मिलते ही परिजनो में मचा कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**भरवारी कौशाम्बी।** जिले के कोखराज थाना अंतर्गत नगर पालिका परिषद भरवारी में सड़क निर्माण में लगे पीडब्लूडी विभाग के पानी के टैंकर से टकराकर बाइक सवार सफाई कर्मचारी की मौत हो गई सफाई कर्मचारी की मौत की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर नगर वासियों की भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस को दी गई मामले की जानकारी मिलते ही सफाई कर्मचारी की मौत से परिजनो में कोहराम मच गया,सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटनाक्रम के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के नगर पालिका परिषद भरवारी के महेशपुर का रहने वाला चतुर पुत्र रामफल नगर पालिका परिषद भरवारी के धन्नी जोन में सफाई का कार्य करता था,चतुर रविवार की शाम को धन्नी जोन से कार्य कर वापस आ रहा था,वह चाकवन से होली के सामान की खरीददारी करने लगा जिसमे उसे देर हो गई,देर शाम को जब वह बाइक से घर वापस आने लगा तभी सड़क निर्माण में लगे महेशपुर के रास्ते में खड़े पीडब्लूडी विभाग के पानी के टैंकर से वह टकरा गया,टैंकर से टकराकर वह गंभीर घायल हो गया,जब तक ग्रामीण और परिजन वहा पहुंचे तब तक उसकी मौत हो गई। बाइक सवार चतुर की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया,घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है वही नगर पालिका के कर्मचारी की मौत की सूचना एवम अधिशाषी अधिकारी शैलेंद्र मिश्रा के आदेश पर नगर पालिका भरवारी के लिपिक बबलू गौतम,संजय गुप्ता एवम सभीं स्टाफ मृतक सफाई कर्मचारी के घर पहुंचे और परिजनो को सांत्वना और आर्थिक सहायता दी।



सफाई कर्मी की मौत के बाद रोते बिलखते परिजन

## न्यूज झरोखा

### आग लगने से गरीब का घर गृहस्थी बाइक सहित लाखो का सामान जलकर खाक



**कौशाम्बी** कोखराज थाना क्षेत्र के नगर पालिका परिषद भरवारी के असदुल्लापुर रोही में गरीब मजदूर कामता पाल के घर मे अचानक आग लग गई, आग से कामता की पूरी गृहस्थी बाइक जलकर खाक हो गयी इस हादसे में लाखों की नुकसान बताया जा रहा है।जानकारी के अनुसार ग्रामीण कामता पाल के घर मे सोमवार की सुबह करीब दस बजे अचानक आग की लपटें उठने लगी।घटना के वक्त घर में कोई नही था।पीछे खेतों में परिजन काम कर रहे थे तभी घर से अचानक आग की लपटें देख परिजनो ने शोर मचाना शुरू कर दिया।शोर सुनकर आसपास से पहुंचे ग्रामीण आग बुझाने की कोशिश करने लगे ,जब तक आग बुझती तब तक सबकुछ जलकर राख हो चुका था। आग की घटना से कामता पाल का लाखो का सामान जल कर खाक हो गया जिसमें एक मोटर साइकिल अनाज कपड़ा बर्तन बिस्तर घर की तमाम कीमती वस्तुएँ जल कर खाक हो गयी। इस घटना के बाद परिवार दाने दाने को मोहताज हो गए है परिवार के लोगों का रो रो कर बुरा हाल है। पीड़ित परिवार ने सरकार से मुआवजा देने की गुहार लगाई है।

### होली पर्व पर शराब की दुकान संचालकों ने बढ़ा दिया रेट

#### चायल सर्किल क्षेत्र के शराब शौकीनों में फैला आक्रोश

**कौशाम्बी।** होली पर्व को लेकर सात मार्च से शराब की दुकानें बंद होने का निर्देश है। ताकि हुलियारे नशे के हालात में होली जैसे पर्व में अशांति न पैदा करें। इसका निर्देश जारी होने के बाद छह मार्च मतलब सोमवार से ही शराब ठेका संचालकों ने नशेढ़ियों की जेब में डाका डालना शुरू कर दिया। आरोप है कि ठेका संचालक द्वारा चाहे देशी का हो या फिर विदेशी का सभी के दामों में बीस से पचास रुपए तक ज्यादा वसूल किया जा रहा है। हालांकि कुछ नशेढ़ियों व सेल्समैनों से झड़प भी हुई। हालांकि इसके पीछे वजह शायद दुकानों में शराब की कमी होना हो सकता है। क्योंकि होली पर्व की बंदी को लेकर शराब के शौकीन पहले से ही खरीदकर घरों में रखना शुरू कर दिया है। ऐसे में दुकानों में शराब की कमी भी हो सकती है और इसका फायदा संचालक ओवर रेट लेकर उठा रहे हैं। हालांकि लोगों ने इस ओर आबकारी विभाग का ध्यान आकृष्ट कराया है।

### निरोधात्मक कार्यवाही में 11 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना मंझनपुर से दो थाना कौशाम्बी से दो थाना पिपरी से चार थाना मोहब्बतपुर पइन्सा से दो थाना पश्चिम शरीरा से एक कुल 11 अभियुक्तो को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

### चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशाम्बी** जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 167 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा एक वाहन से 500 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया।

# हीटवेब लू से बचाव के लिए सीएमओ ने जारी की एडवाइजरी

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुष्पेंद्र कुमार ने एडवाइजरी जारी करते हुए कहा है कि आ रही लू वाली गर्मी, पहचानें लक्षण और सावधानी बरते ताकि स्वास्थ्य सम्बन्धी कोई परेशानी ना हो मौसम में असामान्य बदलाव के बीच चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने लू से बचाव के लिए परामर्श जारी किया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि हीटवेव की स्थिति शरीर की कार्यप्रणाली पर प्रभाव डालती है, इससे प्रभावित व्यक्ति की मृत्यु भी हो सकती है। लू के प्रभाव को कम करने के लिए रेडियो सुने, अखबार पढ़ें और टेलीविजन पर आने वाले ताजा समाचारों को सुने ताकि स्थानीय मौसम का पता चलता रहे हीट स्ट्रोक, हीट रैश, हीट क्रैम्प के लक्षणों जैसे कमजोरी, चक्कर आना, सर दर्द, उबकाई, ज्यादा पसीना आना, मुर्छा आना आदि को पहचानें यदि मुर्छा या बीमारी का आभास हो तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाएं आपात की स्थिति में 108/102 एंबुलेंस सेवा का लाभ उठाएं।

**बचाव के लिए हाईड्रेट रहें :** सीएमओ ने कहा कि लू से बचाव के लिए हाइड्रेट रहे यानी शरीर में पानी की कमी से बचें, इसके लिए अधिक से अधिक पानी पिएं, यात्रा करते समय पानी का प्रयोग ज्यादा करें। ओ.आर.एस., घर में बने हुए पेय पदार्थ जैसे लस्सी, चावल का पानी (माड़), नींबू पानी, छाछ आदि का उपयोग करें। जल की अधिक मात्रा वाले मौसमी फल एवं सब्जियों जैसे खरबूजा, संतरे, अंगूर, खीरा, ककड़ी एवं सलाद पत्ता आदि का प्रयोग करें एवं शरीर को ढककर रखें।हल्के रंग के पसीना सोखने वाले हल्के कपड़े पहने, धूप के चश्मे, छाता, टोपी व चप्पल का प्रयोग करे जो व्यक्ति खुले में कार्य करते हैं वे सर, चेहरा हाथ पैर को गीले कपड़ों से ढक कर रखें तथा छाते का प्रयोग करें।

**अधिक से अधिक समय घर या कार्यालय के अंदर ही बितायें :** लू और गर्मी से बचाव के बारे में बताते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि हमेशा हवादार स्थान पर रहे, सूर्य की सीधी रोशनी तथा गर्म हवा को रोकने का उचित प्रबंध करें, अपने घरों को ठंडा रखें। दिन में खिड़कियां, पर्दे तथा दरवाजे बंद रखें विशेषकर घर तथा कार्यालय के उन जगहों पर जहां सूरज की सीधी रोशनी पड़ती हो, शाम/रात के समय घर तथा कमरों को ठंडा करने के लिए इन्हें खोल दें।

**उच्च जोखिम समूहों के लिए परामर्श :** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि उच्च जोखिम समूह जैसे एक वर्ष से कम आयु के शिशु तथा अन्य छोटे बच्चे, गर्भवती महिलायें, बाहरी वातावरण में कार्य करने वाले व्यक्ति, बीमार व्यक्ति विशेषकर हृदय रोगी अथवा उच्च रक्तचाप से ग्रसित व्यक्ति तथा ऐसे व्यक्ति जो ठंडे क्षेत्र से गर्म क्षेत्र में जा रहे हो यह सब सामान्य आबादी की तुलना में हीट वेव के लिए ज्यादा संवेदनशील होते हैं इनकें बचाव पर अत्यधिक ध्यान देने की आवश्यकता है।

**गर्मी के मौसम में यह न करें :** महामारी विशेषज्ञ डॉक्टर नागेंद्र सिंह ने आमजन को लू से बचाव के प्रति सचेत करते हुए कहा कि अधिक गर्मी वाले समय में विशेषकर 12 से 3 बजे के मध्य सूर्य की रोशनी में जाने से बचें। नंगे पैर,बाह न निकलें, अधिक प्रोटीन वाले खाद्य पदार्थों के प्रयोग से यथासंभव बचें। बासी भोजन का प्रयोग न करें, बच्चों तथा पालतू जानवरों को खड़ी गाड़ियों में न छोड़ें। गहरे रंग के भारी तथा तंग कपड़े न पहनें। रसोई वाले स्थान को ठंडा करने के लिए दरवाजे खिड़कियां खोल दें। शराब, चाय, काफी, काबोंनेटेड, सॉफ्ट ड्रिंक आदि के प्रयोग करने से बचें, यह शरीर में निर्जलीकरण करते हैं।

# हत्या के अभियुक्त को सुनाई गई आजीवन कारावास की सजा

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** थाना सैनी अंतर्गत 16.08.2009 को वादी हिसामउद्दीन पुत्र लाल मोहम्मद निवासी मीठेपुर सयारा थाना सैनी द्वारा सूचना दी गयी कि अभियुक्तों द्वारा वादी के भाई की गोली मारकर हत्या कर दी गयी इस सम्बन्ध में थाना सैनी पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था जिसके अभियुक्तों गुलशन बेगम पत्नी स्व0 रुआब अहमद व इस्लामउद्दीन पुत्र कयामउद्दीन नि०गण मीठेपुर सयारा थाना सैनी को न्यायालय एडीजे 01 द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर अभियुक्तों को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से आजीवन कारावास तथा अभियुक्ता गुलशन उपरोक्त को 17,000 रुपए व अभियुक्त इस्लाम उद्दीन उपरोक्त को 15,000 रुपये के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया।

## अपहरण के आभियुक्त को तीन वर्ष कारावास की सजा

**कौशाम्बी** थाना सराय अकील अंतर्गत 21 दिसम्बर 2013 को वादी की लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था जिसके अभियुक्त विनोद धोबी पुत्र दशरथ लाल निवासी खोपा थाना सराय अकिल को न्यायालय एडीजे 08 द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर अभियुक्त को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से 03 वर्ष कारावास तथा 10,000 रुपए के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया। अर्थदण्डन अदा करने पर एक माह के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई गयी।

## संपादकीय

# कांग्रेस तैयार कर रही है जीत का पकवान

**रायपुर** अधिवेशन में कांग्रेस ने 2024 के लिए अपनाई एक व्यावहारिक रणनीतिनीतीश के प्रस्ताव का सकारात्मक जवाब देने में कांग्रेस को क्या परेशानी है? हार कर जीतने वाले को बाजीगर कहते हैं, लेकिन जीत के हारने वाले को क्या कहते हैं, भाजपा को इसका जवाब ढूंढना चाहिए। क्योंकि त्रिपुरा और नगालैंड में फिर से सरकार बनाने का जनादेश हासिल करने के बाद भी भाजपा के लिए इस वक्त स्थितियां जीत जैसी नहीं हैं। इस साल के विधानसभा चुनावों की शुरूआत पूर्वोत्तर के तीन राज्य त्रिपुरा, मेघालय और नगालैंड से हुई। पिछले महीने इन तीनों राज्यों में मतदान हुआ और 2 तारीख को इसके नतीजे सामने आए। त्रिपुरा में पिछले चुनावों में भाजपा ने वामदल की सरकार को हटाने का कमाल कर के दिखाया था। तब इसे पूर्वोत्तर में भाजपा की बड़ी धमक की तरह देखा गया था। क्योंकि इन राज्यों में संघ अपनी संस्थाओं के जरिए बरसों से हिंदुत्व के प्रचार में लगा हुआ है। यहां की ईसाई और आदिवासी बहुल जनता किसी तरह धर्म के नाम पर भाजपा के पाले में आ जाए, इसकी कोशिशें पिछले चुनावों में सफल होती दिखीं। त्रिपुरा, नगालैंड, असम, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय सभी में भाजपा ने अपनी सरकार बनाने में सफलता हासिल की। जहां जरूरत हुई वहां गठबंधन किया, जहां जरूरत हुई वहां विरोधी दलों में फूट डलवाई और जहां जरूरत हुई वहां ऐकला चलो का रास्ता अपनाया। हिंदुत्व के साथ-साथ बांग्लादेश के प्रवासियों का मुद्दा, यूनिफार्म सिविल कोड, राम मंदिर ऐसे तमाम दांव बीजेपी ने चले। इसके अलावा विकास की बड़ी-बड़ी बातें करना और किसी भी तरह कांग्रेस को गलत बताना तो भाजपा का विशिष्ट दांव है।

इस बार के चुनावों में भी भाजपा ने इसी रणनीति पर काम किया। प्रधानमंत्री मोदी, गृहमंत्री अमित शाह चुनावी राज्य जाकर जीत की जमीन तैयार करने में लगे रहे। श्री मोदी ने एक बार फिर गालियों से टॉनिक वाला नुस्खा यहां आजमाया, जब उन्होंने चुनावी रैली में कब्र खुदेगी का रोना रोकर बताया कि इसके जवाब में कमल खिलेगा। इसी तरह श्री शाह ने श्री मोदी के पिता का गलत नाम लेने वाले बयान को भाजपा के लिए सहानुभूति वोट बटोरने का जरिया बनाया। भाजपा के तमाम दिग्गज नेताओं का डेरा हर चुनावी राज्य की तरह पूर्वोत्तर में भी जमा रहा। सरकारी मशीनरी के गलत इस्तेमाल का आरोप भाजपा पर विपक्षी दलों ने लगाया, खासकर त्रिपुरा में वाम दलों ने इसके लिए आवाज उठाई। मगर अब ये समझ आ गया है कि चाहे ईवीएम में गड़बड़ी की शिकायत हो या ईवीएम चोरी की, या गलत तरीके से मतदान कराने, इन शिकायतों का संतोषजनक समाधान नहीं निकलता है। आरोप लगते हैं और हवा में गायब कर दिए जाते हैं। इस बार भी विपक्ष की सारी शिकायतें धरी रह गईं। नतीजे बता रहे हैं कि भाजपा त्रिपुरा और नगालैंड में तो सरकार बनाने जा रही है।

## खुशफहमियां

बड़ी देर तक वो मुस्कुराती रही थी
मुझे देखकर, मुझे भ्रम सा हो गया
अजीब ही पेशोपेश में फंसा हूं मैं,
पूछ लूं या छोड़ दूं, अटक सा गया
यूं गलतफहमियां पालता ये दिल,
मानने लगा है इन्हें खुशफहमियां।
जीने के आसरे तो और भी है होते
पर ये गुदगुदाहट, बढ़ाती गर्मियां।
दिल फुदकता है उस की याद में,
चेहरा उसी का है हर फरियाद में
और भी काम जरूरी हैं करने हमें
यादों को कह दे चले आना बाद में
हसीन इत्तेफाक की ताक में बैठा
सोचता रहता मुलाकात के बहाने
काश के कोई सूरत निकल आती
मैं जान पता उनके सारे ठिकाने।
सुना हैं आशिक हैं उसके और भी
किया न ऐसी बातों पे मैंने गौर भी
खुद पे है भरोसा है औरों का क्या,
एक को मना करो आयेंगे और भी
उम्मीद का एक सिरा पकड़े पकड़े
उनकी यादों में रहे जकड़े जकड़े।
पार उतरूं या के अधर में लटकुं,
खुश हूं मैं, मिलेगा भी क्या सड़ के
खुशफहमियाँ जिंदा रहने दो मेरी,
जीने का ये एक सहारा काफी है।
जिनका दिल टूटा उनसे अच्छे हम
मेरे लिए उनका एक इशारा काफी
है।

**रमेश कुमार सिंह**

## होली मिलन !!

**होली मि**लन! होली मिलन !
हर तरफ, चल रहा है चलन !
लोग खुशी से, मिल रहे गले !
दिल से, दिल का, है मिलन !!
था साल के काम का बोझ बहुत!
मिलना, अपनों से दुश्वार बहुत !
कहीं व्यवहारिकता में कमी थी !
तो, रिश्तों में, खटास पड़ी थी !
कहीं, बेवजह बढ़ रही थी दूरियाँ
!
हालात करा रहे थे, अठखेलियाँ
!
तो, चलो, खुल के हम मिल लेते
हैं
गिले- शिकवे, मनमुटाव,
नाराजगी
मिल-बैठ, हम दूर अब कर लेते
हैं
होली है रंग-पकवानों का त्यौहार!
तो होकर रंग, गुलाल में सराबोर !
अपनी जिन्दगी में रंग भर लेते हैं
क
जुबाँ पे मिठास और व्यवहार
सहज !
मिल कर सबसे, सबके हो लेते
हैं
होली मिलन तो बस इक बहाना है
!
रूठे हुए यारों को, गले लगाना है
और, जो रहे हर हमेशा साथ खड़े
!
उनका, महत्व भी उन्हें जताना है
आशीर्वाद, आशीष रहे अपने सर
!
प्यार यूँ ही सहर्ष सदा लुटाना है
जायेंगे लाख हो वक़्त की पाबन्दी!
शाम-ए-महफिल, हमें सजाना है
होली मिलन ! होली मिलन !
हर तरफ, चल रहा है चलन !

**प्रभांशु कुमार**

# बारूद के ढ़ेर पर खड़ा विश्व, धर्म-धम्म की आवश्यकता !

**सुनील कुमार महला**

**हाल ही में** भारत के मध्यप्रदेश राज्य की राजधानी भोपाल में 3 मार्च को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में तीन दिवसीय सातवें अंतरराष्ट्रीय धर्म-धम्म सम्मेलन का शुभारंभ हुआ तथा जिसका समापन पांच मार्च को हो गया। यह सम्मेलन ह्यनए युग में मानववाद का सिद्धांतह्व विषय पर सांची यूनिवर्सिटी ऑफ बुद्धिस्ट-इंडिक स्टडीज के सहयोग से इंडिया फाउंडेशन द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें 15 देशों से 350 से भी अधिक विद्वान शामिल हुए। निश्चित ही इस प्रकार के सम्मेलन से धर्म धम्म के वैश्विक विचारों को एक साझा मंच मिला। इस सम्मेलन में भूटान, मंगोलिया, श्रीलंका, इंडोनेशिया, थाइलैंड, वियतनाम, नेपाल, दक्षिण कोरिया, मॉरिशस, रूस, स्पेन, फ्रांस, अमेरिका और ब्रिटेन जैसे देशों से विभिन्न प्रतिनिधियों, विद्वान लोगों ने अपनी सहभागिता की। इस सम्मेलन में विषयों का निरूपण हुआ, मानववाद सिद्धांत पर लगातार तीन दिनों तक विभिन्न लोगों द्वारा शोध-पत्र पढ़े गए। यह सम्मेलन धर्म-धम्म पर आधारित था और धर्म तथा धम्म दो अलग विषय-वस्तु हैं। साधारण शब्दों में 'धर्म' का अर्थ यदि हम समझें तो धर्म का मतलब धारण करने से है। मतलब 'धारयेत इतिः धमर्ः' यानी कि जो धारण करने योग्य हो वही धर्म है। वास्तव में, धर्म शब्द की व्युत्पत्ति संस्कृति भाषा के 'धृ' शब्द से मानी जाती है जिसका अर्थ है 'धारण करना' अर्थात सभी जीवों के प्रति मन में दया धारण करने को ही धर्म कहा गया है। हिंदू धर्म-ग्रंथों में सात्विक गुणों को धारण करने को ही धर्म माना गया है। वास्तव में धर्म ही मानव को मानव बनाता है। धर्म मतलब धारणा,जिसे सबको धारण करना चाहिए। धर्म का संबंध कर्तव्य, अहिंसा, सदाचरण व अच्छे गुणों या सद्गुणों से लिया जा सकता है। वैसे, हिन्दू समाज में 'धारणात धर्ममाहुः' अर्थात धारण करने के कारण ही किसी वस्तु को धर्म कहा जाता है। दूसरे शब्दों में कहें तो धर्म से हमारा आशय 'अलौकिक शक्ति' पर विश्वास है। अलौकिक हम उसे कहते हैं जो लौकिक जगत से परे है। इंद्रियगम्य नहीं है। जो अगम और अगोचर है। कहा भी गया है कि- 'बिनु पग चलै, सुनै बिनु काना।

कर बिनु कर्म करै विधि नाना।' यानी कि जिसे हम स्पर्श नहीं कर सकते, जिसे हम देख नहीं सकते, किन्तु उसका अस्तित्व है। वह सर्वशक्तिमान है और मानव जीवन व इस संपूर्ण जीव- जगत को नियंत्रित करता है। यदि अलौकिक शक्ति साकार अर्थात इंद्रिय गम्य है तो भी वह मानव की समझ और नियंत्रण से परे है। टेलर के अनुसार- 'धर्म का अर्थ किसी आध्यात्मिक शक्ति मे विश्वास करना है।' अर्थात धर्म 'सुपर ह्यूमन'(अलौकिक) शक्ति पर विश्वास है। वहीं दूसरी ओर 'धम्म' शब्द की उत्पत्ति पाली भाषा से हुई है। वास्तव में 'धम्म' का अर्थ 'सदाचरण' से लिया गया है और सदाचरण का अर्थ है-' जीवन के सभी क्षेत्रों में एक व्यक्ति का दूसरे व्यक्ति के साथ अच्छा संबंध।' वास्तव में 'धम्म' है क्या ? इसे समझने की जरूरत है। तो जानकारी देना चाहूंगा किसामान्य रूप से सम्राट अशोक ने अपनी प्रजा के नैतिक उत्थान के लिए जिन आचारों की संहिता प्रस्तुत की थी उसे उसके अभिलेखों में 'धम्म' कहा गया है। 'धम्म' संस्कृत के 'धर्म' का ही प्राकृत रूपांतर है। धम्म का मुख्य सिद्धांत 'साधुता' है। अच्छे कल्याणकारी कार्य करना, पाप रहित होना, मृदुल और मधुर व्यवहार होना, दया, दान और शुचिता ही वास्तव में 'धम्म' है।बौद्ध धर्म के अनुसार 'धम्म' का अर्थ ही 'सदाचरण'(अच्छा आचरण) है जिसका अर्थ है जीवन के सभी क्षेत्रों में एक व्यक्ति का दूसरे व्यक्ति के साथ अच्छा सम्बन्ध। यहाँ जानकारी देना चाहूंगा कि 'धम्म' भी ब्रह्मांड के धर्म और प्राकृतिक व्यवस्था को धारण करता है। बहरहाल, भारत एक आध्यात्मिक देश रहा है और भारत ने संपूर्ण विश्व को धर्म और आध्यात्मिकता के माध्यम से शांति, संयम व सौहार्द, आपसी सहमति, भाईचारे का मार्ग ही दिखलाया है। कोई दौराय नहीं है कि भारतीय आध्यात्मिकता के महान वट की जड़ें भारत में हैं और इसकी शाखाएं और लताएं पूरे विश्व में फैली हुई हैं। वास्तव में, धर्म-धम्म की अवधारणा भारतीय चेतना की मूल आवाज रही है। यह हम सभी के लिए अत्यंत गर्व व हर्ष का विषय है कि हमारे देश की सभ्यता, संस्कृति, परंपरा, सामाजिक व्यवस्था और राजनीतिक गतिविधियों में अनादिकाल से धर्म का केन्द्रीय स्थान रहा है। आजादी के बाद हमने जो लोकतांत्रिक व्यवस्था अपनाई, उस पर 'धर्म-धम्म' का गहरा असर साफ दिखाई दे रहा है। हमारा राष्ट्रीय चिन्ह सारनाथ के अशोक स्तंभ से लिया गया है। हमारे राष्ट्रीय ध्वज में भी धर्मचक्र सुशोभित है। महात्मा गांधी जी ने अपने मूल्यों और कार्यों के माध्यम से भगवान बुद्ध की अहिंसा और करुणा का संदेश दुनिया भर में फैलाया। हाल ही में जो सम्मेलन आयोजित किया गया, इस सम्मेलन की विषय वस्तु नए युग में मानववाद के सिद्धांत पर केंद्रित रही। युगों युगों से धर्म-धम्म की अवधारणा भारतीय चेतना का मूल स्वर रहा है। हमारी परंपरा में कहा गया है कि जो सबको धारण करता है, वही वास्तव में धर्म है। धर्म की आधार-शिला पर ही पूरी मानवता टिकी हुई है। धर्म नहीं तो कुछ भी नहीं है। वैसे करूणा, शील,मैत्री, प्रज्ञा धम्म है। महात्मा बुद्ध जिसे धम्म कहते हैं वह वास्तव में मूल रूप से धर्म से सर्वथा भिन्न है। धम्म एक सामाजिक विषय-वस्तु है। बुद्ध ने धम्म के जो दो आधार तत्व बताये हैं उनमें करूणा(दया/प्रेम) व प्रज्ञा(निर्मल बुद्धि) है। बुद्ध ने प्रज्ञा को धम्म का आधार स्तंभ इसलिए माना था क्यों कि वे अंधविश्वास के लिए कहीं भी कोई भी स्थान नहीं छोड़ना चाहते थे। संक्षेप में कहा जा सकता है कि ह्यप्रज्ञाह्य और ह्यकरूणाह्य का एक अनूठा सम्मिश्रण ही तथागत का ह्यधम्मह्य है। आज विश्व को धर्म व धम्म दोनों की जरूरत है, क्यों कि 'मानवता' का विकास यही से संभव होता है। राग और द्वेष से मुक्त होकर मैत्री, करुणा और अहिंसा की भावना से व्यक्ति और समाज का विकास करना मानववाद का प्रमुख संदेश रहा है। मानवजाति का कल्याण तभी संभव हो सकता है जब मानव संपूर्ण धरती को अपना परिवार समझे।संस्कृत में कहा भी गया है-'अयं निजः परो वेति गणना लघु चेतसाम् । उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम् ।' मतलब यह है कि यह मेरा है,यह उसका है ; ऐसी सोच संकुचित चित्त वोले व्यक्तियों की होती है;इसके विपरीत उदारचरित वाले लोगों के लिए तो यह सम्पूर्ण धरती ही एक परिवार जैसी होती है। महात्मा बुद्ध जी ने मानव को दुःख से निकलने के मार्ग सुझाए थे। आज के युग में उनके विचार बहुत ही प्रासांगिक हैं। महात्मा बुद्ध कहते हैं कि-' जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से अच्छा है कि तुम स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो। फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, इसे तुमसे कोई नहीं छीन सकता।' उनका यह विचार था कि बुराई से बुराई कभी खत्म नहीं होती। घृणा को तो केवल प्रेम द्वारा ही समाप्त किया जा सकता है, यह एक अटूट सत्य है। उन्होंने कहा था कि- 'क्रोध में हजारों शब्दों को गलत बोलने से अच्छा, मौन वह एक शब्द है जो जीवन में शांति लाता है।' हमारे देश में न केवल महात्मा बुद्ध जी ने वरन अनेक महान् विभूतियों, आत्माओं ने जिनमें महर्षि पतंजलि, गुरु नानक जी शामिल हैं, दुःख से निकलने के मार्ग सुझाए हैं। महर्षि पतंजलि ने अष्टांग योग की पद्धति स्थापित की। भगवान बुद्ध ने अष्टांगिक मार्ग प्रदर्शित किया। गुरु नानक देव जी ने नाम सिमरन का रास्ता सुझाया, जिसके लिए कहा जाता है- 'नानक नाम जहाज है, चढ़े सो उतरे पार।' हाल ही में जो सम्मेलन हुआ है उसमें विभिन्न देशों के लोगों के धर्म-धम्म चिंतन से सद्भाव बढ़ेगा। हमारे भारतीय दर्शन की मान्यता इस विश्वास में निहित है कि विश्व सबके लिए है। युद्ध की कोई आवश्यकता ही नहीं है। कोई भी युद्ध कभी भी समस्याओं का हल कभी नहीं होता। हम मानव हैं, इसलिए मानव की भांति जीएं। खुद भी जीएं और दूसरों को भी जीने दें। आज रूस-यूक्रेन युद्ध को चलते हुए एक साल से अधिक का समय हो गया है। बहुत से लोग मारे जा चुके हैं, हर तरफ दुख,हताशा व नैराश्य का वातावरण है। बताना चाहूंगा कि युद्ध किसी समस्या का हल कभी नहीं हो सकता है। मानवता के कल्याण के लिए शांति, प्रेम और एक-दूसरे के प्रति विश्वास आज के युग की अहम् आवश्यकता है। वास्तव में, इस हाल ही में आयोजित धर्म-धम्म चिंतन से विभिन्न विचारों के परस्पर विनिमय से सद्भाव को बढ़ावा मिलेगा। आज हिंसा और युद्ध से कराहते विश्व के लिए बुद्ध एक समाधान हैं। भारतीय परंपरा में सारी धरती को एक परिवार माना गया है।

जरूरत है तो इस बात की है कि संपूर्ण विश्व आज इस बात को समझे। ईश्वर ने हमें जीवन जीने के लिए दिया है, कुछ अच्छा करने के लिए दिया है, हमें इस जीवन में मानव बनना है और मानवता की भलाई के लिए काम करना है। हमारे देश में तो 'जिओ और जीने दो' सिद्धांत को मान्यता दी गई है। 'धर्म की जय हो-अर्धम का नाश हो-प्राणियों में सद्भाव हो और विश्व का कल्याण हो' के भाव हमारे देश की संस्कृति, धर्म में निहित हैं। भारतीय सभ्यता- संस्कृति में पशु-पक्षियों, नदियों, वृक्षों और पहाड़ों को भी पूजा गया है। दशावतार की अवधारणा में यह स्पष्टतः परिलक्षित होता है। भारतीय संस्कृति और परंपरा में सारी धरती को एक परिवार माना गया है। सभी जीवों के साथ दया और सम्मान तथा आंतरिक शांति और निर्विकार भाव विकसित करना आवश्यक है।

# आप और भाजपा का हिसाब-किताब

**सीबीआई** का दावा है कि मनीष सिसोदिया के खिलाफ पुख्ता सबूत हैं और वे सीबीआई के सवालों का संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। गौरतलब है कि आप सरकार नवंबर 2021 में नई आबकारी नीति लाई थी, जिसका मकसद अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाना, शराब माफिया पर अंकुश लगाना और शराब बिक्री बढ़ाकर राजस्व में वृद्धि करना था। लेकिन इस फैसले पर शुरू से सवाल उठने लगे। नई आबकारी नीति के लागू होते ही शराब दुकानों के बाहर लंबी लाइनें दिखने लगीं। शराब को कम कीमत पर अधिक बेचने की होड़ से समाज पर इसके गलत असर के बारे में चिंता जतलाई जाने लगी। भाजपा ने इसमें बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। ये आरोप ईमानदार राजनीति का दावा करने वाले अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया पर लगे। जुलाई 2022 में आप सरकार ने नई आबकारी नीति को वापस लेकर फिर से पुरानी नीति को लागू कर दिया। लेकिन इससे उठे विवाद से आप पीछा नहीं छुड़ा पाई। हाल ही में दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने इस घोटाले में सीबीआई जांच की सिफारिश की थी और अब मनीष सिसोदिया गिरफ्तार हो गए हैं। दिल्ली सरकार में वित्त, गृह, स्वास्थ्य, शिक्षा और आबकारी जैसे 18 मंत्रालय संभालने वाले मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी को आम आदमी पार्टी के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। अन्ना आंदोलन के वक्त से अरविंद केजरीवाल के साथ मनीष सिसोदिया को परछाई की तरह देखा गया। जब श्री केजरीवाल मुख्यमंत्री बने तो मनीष सिसोदिया कई मंत्रालयों को संभालने के साथ-साथ उपमुख्यमंत्री भी बने। खास बात ये है कि अरविंद केजरीवाल ने अपनी सरकार में एक भी मंत्रालय नहीं संभाला। गौर करने की बात ये भी है कि खुद को सबसे ईमानदार पार्टी बताने वाली आम आदमी पार्टी के दो महत्वपूर्ण नेता मनीष सिसोदिया और सत्येन्द्र जैन जेल में हैं और वह भी भ्रष्टाचार के आरोपों में। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल इसे डर्टी पॉलिटिक्स यानी निकृष्ट राजनीति बता रहे हैं। हालांकि मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी राजनीति से प्रेरित है, या शराब नीति में वाकई कोई भ्रष्टाचार हुआ और श्री सिसोदिया बलि का बकरा बना दिए गए, ये सब जांच एजेंसी की ईमानदार पड़ताल से ही तय होगा। लेकिन जिस तरह सीबीआई की जांच-पड़ताल अक्सर गैर-भाजपाई या भाजपा-विरोधी पार्टियों और नेताओं में तेजी पकड़ती है, उसमें राजनैतिक दबाव की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता।

अब सवाल ये है कि अरविंद केजरीवाल इस गिरफ्तारी के बाद अपनी रणनीतियों को किस तरह अंजाम देंगे। ये सर्वविदित है कि दिल्ली और पंजाब में सरकार बनाने के बाद आम आदमी पार्टी अपना विस्तार देश के बाकी राज्यों में भी करना चाहती है। गोवा, हिमाचल प्रदेश और गुजरात में चुनाव लड़ने के बाद पार्टी की नजर छत्तीसगढ़, राजस्थान, मध्यप्रदेश और कर्नाटक जैसे राज्यों के चुनाव पर थी।

लेकिन अब श्री सिसोदिया की गिरफ्तारी के बाद अरविंद केजरीवाल दिल्ली सरकार में कामों का बंटवारा कैसे करेंगे और किस तरह बाकी राज्यों में चुनावों के लिए तैयार होंगे। ये सवाल आप के सामने हैं। इस घटनाक्रम के साथ देश के राजनैतिक परिदृश्य पर भी कुछ सवाल उठे हैं। जैसे क्या आम आदमी पार्टी के खिलाफ सीबीआई की इस जांच से अरविंद केजरीवाल को जनता की सहानुभूति हासिल होगी। क्या भाजपा के लिए यह प्रकरण नुकसानदायक साबित होगा। क्या अरविंद केजरीवाल पर भी कोई कानूनी आंच आएगी। क्या आप और भाजपा में आने वाले वक्त में कोई अघोषित समझौता संभव है, क्योंकि दोनों ही दल कांग्रेस-विरोधी हैं और इस वक्त कांग्रेस का पलड़ा लगातार भारी हो रहा है। पंजाब में कांग्रेस की सरकार को हटाकर ही आम आदमी पार्टी की सरकार बनी है और भाजपा अब भी वहां अपने लिए जमीन तलाश कर रही है। क्या यह भी कोई संयोग है कि पंजाब में भगवंत मान सरकार अजनाला प्रकरण के कारण आलोचना का पात्र बनी और इस मामले पर राष्ट्रव्यापी चर्चा तूल पकड़े, इससे पहले मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी की खबरों ने सुर्खियां बटोर लीं। अजनाला मामले से चिंता की जो लहरें उठी हैं, वो आने वाले वक्त में क्या दबा दी जाएंगी या कोई बड़ा तूफान बन सकती हैं, इस बारे में कोई कयास लगाना जल्दबाजी होगी। लेकिन इतना तय है कि इसने पंजाब की शांति को लेकर बड़ा तनाव पैदा कर दिया है। पिछले हफ्ते गुरुवार को जिस तरह वारिस पंजाब दे के प्रमुख अमृतपाल सिंह के समर्थकों ने अजनाला थाने पर बंदूक-तलवारों से हमला कर दिया था और पुलिस वाले हमलावरों के सामने लाचार नजर आए, वह उस चिंगारी की झलक है, जिसने 80 के दशक में बरसों-बरस पंजाब को झुलसाया है। इस आग ने इंदिरा गांधी समेत कई बड़ी हस्तियों को लील लिया। बड़ी मुश्किल से पंजाब में शांति बहाली हुई थी। हालांकि सीमांत प्रदेश होने के कारण यहां हमेशा चुनौतियां रही हैं। सीमा पार से घुसपैठ के अलावा नशे के बढ़ते कारोबार तक कई गंभीर चिंताएं इस राज्य में रही हैं, फिर भी आम जनजीवन पटरी पर आ चुका है। लेकिन पिछले साल जब से आप की सरकार यहां बनी हैं, फिर से अस्थिरता के लक्षण उभरने लगे हैं। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने पंजाब के लोगों को ऐसे प्रयोग से सावधान होने की सलाह दी थी, लेकिन कांग्रेस की अंदरूनी लड़ाई और आम आदमी पार्टी के लोकलुभावन वादों ने सत्ता आप की झोली में डाल दी। और अब ये नजर आ रहा है कि भगवंत मान राज्य को ठीक से नहीं संभाल पा रहे हैं। अजनाला प्रकरण को वे पाक प्रायोजित बता रहे हैं। मुमकिन है पाकिस्तान इस तरह की साजिशों में लिप्त हो, लेकिन राज्य की पुलिस और खुफिया एजेंसियां इनकी खबर क्यों नहीं रख पाईं। यही सवाल केंद्र सरकार से भी है कि किस तरह अचानक पंजाब आकर कोई ये दावा कर सकता है कि अगर हिंदू राष्ट्र की बात उठाई जा सकती है तो खालिस्तान की भी उठाई जा सकती है। यह सीधे-सीधे भारत की एकजुटता और शांति को भंग करने की धमकी है। जिससे तत्काल निपटने की जरूरत है। मगर ऐसा लग रहा है कि अगले चुनाव में बड़ी जीत हासिल करने के लिए अभी दिल्ली में राजनैतिक हिसाब-किताब निपटाया जा रहा है।

# राहुल गांधी का लोकतंत्र बचाने के लिए आह्वान

**भारत** जोड़ो यात्रा से देश में धूम मचाने के बाद अब राहुल गांधी ब्रिटेन के अपने दौरे को लेकर सुर्खियों में आ गए हैं। पहले उन्होंने कैंब्रिज विश्वविद्यालय में लेक्चर दिया और रविवार को उन्होंने लंदन में प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित किया। कैंब्रिज में उनके व्याख्यान का विषय था- 21वीं सदी में सुनना सीखना। यह विषय लोकतंत्र के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण है, क्योंकि जब तक नेता जनता की बात सुनना नहीं सीखेंगे, तब तक उसकी समस्याओं को न वे समझ पाएंगे, न दूर कर पाएंगे। लेकिन भारत में माहौल ऐसा नहीं है। जनता कई तरह की तकलीफों से त्रस्त है और चाहती है कि कोई उसकी तकलीफ सुने। लेकिन देश के प्रधानमंत्री पिछले 9 सालों से मन की बात कर रहे हैं। इसलिए राहुल गांधी जब सुनना सीखने की बात पर विदेशी विवि में व्याख्यान देते हैं, तो यह बात भाजपा को खटक जाती है। कम से कम श्री गांधी के व्याख्यान की जिस तरह से भाजपा खाल उधेड़ रही है, उससे यही लग रहा है। राहुल गांधी ने कैंब्रिज में भारत जोड़ो यात्रा के अपने अनुभव साझा किए और बताया कि किस तरह आम लोगों को उन्होंने ये अहसास कराया कि वे अपने घर आकर परिवार के किसी सदस्य से मिल रहे हैं। श्री गांधी ने बताया कि पहले वे लोगों की समस्याएं पूछते थे, लेकिन यात्रा के आगे बढ़ने के साथ-साथ उन्होंने केवल हाथ पकड़ कर बिना कुछ कहे-सुने लोगों के मन की तकलीफों को समझना शुरू कर दिया। उन्होंने कश्मीर पहुंचने का जिक्र करते हुए बताया कि कैसे एक युवक ने उन्हें दूर खड़े कुछ लोगों को दिखाया, जो उस युवक के मुताबिक आतंकी थे, लेकिन उन्होंने राहुल गांधी के साथ कुछ नहीं किया। उन्होंने पुलवामा जाकर श्रद्धांजलि देती अपनी तस्वीर दिखाई और बताया कि यहां कार बम धमाके में 40 सैनिकों की मौत हो गई थी। राहुल गांधी ने देश की समस्याओं का जिक्र करते हुए बताया कि मौजूदा सरकार किस तरह विपक्ष की बात नहीं सुन रही है और न ही उसे बोलने दे रही है। उन्होंने चिंता जतलाई कि मौजूदा सरकार का रवैया भारत के विचार के खिलाफ है। देश के हालात के साथ-साथ दुनिया के विकसित देशों और वहां के राजनैतिक-आर्थिक हालात के बारे में भी राहुल गांधी ने बात की। उन्होंने अमेरिका और चीन के सुपर पावर बनने का जिक्र किया और ये बताया कि किस तरह दोनों की नीतियों में फर्क है, फिर भी दोनों ही देशों में तेजी से विकास हुआ है। राहुल गांधी के एक घंटे के व्याख्यान में ऐसी कोई बात नहीं थी, जो उन्होंने पहले न कही हो। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान और उससे पहले भी वे कई बार मोदी सरकार पर ये आरोप लगा चुके हैं कि भारत की ऐतिहासिक गंगा-जमुनी विरासत के खिलाफ सरकार काम कर रही है। अब ब्रिटेन में भी वे यही कह रहे हैं, लेकिन भाजपा इस पर आक्रामक हो गई है। हमेशा की तरह भाजपा की आलोचना को देश की आलोचना की तरह पेश किया जा रहा है। भाजपा की ओर से रविशंकर प्रसाद, अनुराग ठाकुर, संबित पात्रा, हिमंता बिस्वासरमा ये सभी राहुल गांधी को देश विरोधी साबित करने में जुट गए हैं। भाजपा की मदद कर रहे पत्रकार भी सुर्खियां बना रहे हैं कि राहुल गांधी ने विदेशी धरती पर देश का अपमान किया। भाजपा के वक्ताओं और भाजपा के पत्रकारों की यह कोशिश राहुल गांधी की छवि खराब करने वाली मुहिम का ही हिस्सा है। क्योंकि फिर से उनके लिए ब्राइट बच्चा न होना, ननिहाल की बात न सुनना जैसे पदबंधों का प्रयोग किया जा रहा है। इतने बरसों तक ऐसी ही कोशिशों से राहुल गांधी की छवि बिगाड़ी गई थी, लेकिन भारत जोड़ो यात्रा से सालों की कोशिश और करोड़ों रूपए खर्च कर चलाए जाने वाली राहुल- विरोधी मुहिम पर पानी फिर गया था। राहुल गांधी को देश की जनता ने करीब से देखा और जाना है। इसलिए अब भाजपा फिर से नए सिरे से इसी कोशिश में लगी है कि किसी भी तरह राहुल गांधी को देशविरोधी साबित कर दे। भाजपा के कई इल्जामों में कुछ के उदाहरण हैं, राहुल ने पुलवामा की घटना को आतंकवादी घटना क्यों नहीं कहा।

उन्होंने चीन की तारीफ क्यों की। उन्होंने कश्मीर में आतंकवादी देखे तो इसकी सूचना जांच एजेंसियों को क्यों नहीं दी। राहुल गांधी की सारी बातों को समग्रता में न पेश कर, उसे अलग से टुकड़ों में बता कर जानबूझकर भ्रम फैलाने की कोशिश की जा रही है।

## मिलावटखोरों को सजा ऐसी हो

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

**हमारी दो दवा-निर्माता** कंपनियों के कारनामों से सारी दुनिया में भारत की बदनामी हो रही है। इस बदनामी से भी ज्यादा दर्दनाक बात यह है कि इन दोनों कंपनियों मेडेन फार्मा और मेरियन बायोटेक की दवाइयों से गांबिया में 60 बच्चों और उज्बेकिस्तान में 16 बच्चों की मौत हो गई। जब पहले-पहल ये खबरें मैंने अखबारों में देखी तो मैं दंग रह गया। मुझे लगा कि भारत से अरबों रुपये की दवाइयों का जो निर्यात हर साल होता है, उस पर इन घटनाओं का काफी बुरा असर पड़ेगा। भारत की प्रामाणिक दवाइयों पर भी विदेशियों के मन में संदेह पैदा हो जाएगा। हमारी दवाएं अमेरिका और यूरोप की तुलना में बहुत सस्ती होती हैं। मुझे यह भी लगा कि इस मामले ने यदि तूल पकड़ लिया तो एशिया और अफ्रीका के जिन गरीब मरीजों की सेवा इन दवाइयों से होती हैं, अब वे वंचित हो जाएंगे। हो सकता है कि गांबिया और उज्बेकिस्तान के उन बच्चों की मौत का कारण कुछ और रहा हो। लगभग दो माह पहले जब ये खबरें आईं तो यह भी अपुष्ट सूत्रों ने कहा कि इन दवाइयों के नमूनों की जांच यहीं की गई है और वे ठीक पाई गई हैं लेकिन इन देशों के जांचकर्ताओं ने अब जांच पूरी होने पर कहा है कि इन दवाइयों में कुछ नकली और हानिकर तरलों को मिला देने के कारण ही ये जानलेवा बन गई थीं। इस निष्कर्ष की पुष्टि अब एक अमेरिका की एक जांच कंपनी ने भी कर दी है। भारत सरकार ने इन कंपनियों के खिलाफ पुलिस में रपट लिखवा दी है और उनके कुछ कर्मचारियों को गिरफ्तार भी कर लिया है लेकिन दोनों कंपनियों के मालिक और वरिष्ठ प्रबंधक फरार हैं। यदि उनको विश्वास है कि उनकी दवाइयों में कोई मिलावट नहीं की गई है तो उन्हें डरने की जरूरत क्या है? यह भी हो सकता है ।

## फटाफट खबरें

### सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन डायट के विभव व पुष्पेन्द्र ने किया



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** डायट शिवरामपुर में नवाचार एवं मेला तथा कला उत्सव के तहत परिषदीय, माध्यमिक विद्यालयों, डायट व निजी संस्थाओं ने हिस्सा लिया। सोमवार को महोत्सव के दूसरे दिन शुभारंभ निर्णायक समिति की जगदगुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय की डां संध्या पांडे एवं गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के डॉ गजेंद्र सिंह ने दीप जलाकर सरस्वती वंदना के साथ किया। महोत्सव में निर्णायक समिति ने नवाचार की श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर डायट शिवरामपुर टीएलएम की श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर भगवानदीन पटेल महाविद्यालय एवं कला प्रदर्शनी की श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी को प्रमाण पत्र के साथ पुरस्कृत किया।

तीनों श्रेणियों में प्रथम स्थान जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान शिवरामपुर के डीएलएड प्रशिक्षु विभव सिंह पटेल एवं पुष्पेंद्र सिंह निर्मित दूरी मशीन को दिया गया। सभी कार्यक्रम में डायट प्रवक्ता मौजूद रहे। इस महोत्सव का संयोजन एवं संचालन डायट प्रवक्ता मोहित सिंह एवं डायट प्रवक्ता डॉ गोरेलाल ने किया।


### गेहूं खरीद को पंजीयन शुरू: अविनाश झां

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला खाद्य विपणन अधिकारी अविनाश कुमार झा ने बताया कि गेहूं खरीद वर्ष 2023-24 के तहत सरकारी गेहूं खरीद केंद्रों पर सीधे किसानों से एक अप्रैल से गेहूं की खरीद की जायेगी। ये खरीद 15 जून तक चलेगी।

सोमवार को जिला खाद्य विपणन अधिकारी अविनाश कुमार झां ने किसानों से कहा कि गेहूं बेचने को किसानों को ऑनलाइन पंजीकरण कराना आवश्यक है। गेहूं खरीद को पंजीकरण शुरू हो गया है। किसानों को गेहूं के मूल्य का भुगतान उनके आधार से लिंक बैंक खाते में किया जाएगा। इसलिए किसान अपना आधार संख्या आधार कार्ड में अंकित नाम सही ढंग से अंकित करें। पंजीकरण करने को किसान भाई खाद्य विभाग की वेबसाइट पर जाकर ई उपार्जन माड्यूल में नवीन पंजीकरण या पंजीकरण संशोधन करा सकते हैं। जिन किसान भाइयों ने गत वर्ष में धान/गेहूं खरीद में पंजीकरण कराया था, उन्हें नवीन पंजीकरण कराने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने बताया कि इसके लिए अपने पुराने पंजीकरण में सूचनाओं को संशोधित करना होगा। किसान भाई किसी भी जनसेवा केंद्र साइबर कैफे में जाकर अथवा स्वयं मोबाइल से कर सकते हैं। गेहूं बिक्री को ओटीपी आधारित पंजीकरण की व्यवस्था है। किसान भाई पंजीकरण को वर्तमान मोबाइल नंबर ही अंकित कराएं, ताकि पंजीकरण एवं गेहूं बिक्री में कोई समस्या न हो। बिक्री के समय क्रय केंद्रों पर किसान के स्वयं के उपस्थित न होने पर पंजीकरण प्रपत्र में परिवार के नामित सदस्य का विवरण एवं आधार नंबर फीड कराना अनिवार्य होगा। 2023-24 के लिए गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2125 रुपये प्रति कुंतल है। पंजीकरण कराने से पहले किसान भाई सुनिश्चित करें कि उनके आधार नंबर से लिंक मोबाइल नंबर अपडेट है। उनके बैंक खाते में ई-केवाईसी की जा चुकी है। बैंक खाते का एनपीसीएल मैपिंग होना अनिवार्य है।

### होली की तैयारी पूरी, 779 स्थानों पर जलेगी होली, पुलिस मुस्तैद



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** होलिका दहन की तैयारियां पूरी हो गई हैं। जिले में 779 स्थानों पर होलिका दहन होगा। कोई नई परम्परा नहीं डाली जायेगी। हचलिका दहन के बाद बुधवार को सवेरे रंगों का त्यौहार मनाया जायेगा। लोंगों ने रंग, अबीर, गुलाल खरीद रहे है। स्कूलचं में पहले ही बच्चे रंगों से सराबोर हो चुके हैं।

सोमवार को जिले में 779 स्थानों पर होलिका दहन की तैयारी हो चुकी है। अकेले शहर में दो दर्जन से अधिक स्थानों पर मोहल्ले के छोटे-छोटे बच्चे लकड़ी लेकर होलिका स्थल पर जमा कर रहे हैं। महंगाई के चलते इस बार होली स्थलों पर लकड़ियां के ढेर कम नजर आ रहे हैं। लकड़ी के स्थान पर झाड़ी व कांटे अधिक देखने कच मिल रहे हैं।

शहर के गल्ला बाजार में बुजुर्ग ने बच्चों का सहयोग कर लकड़ी काफी मात्रा में एकत्र करा ली है। यही हाल शंकर बाजार व धुस मैदान का भी है। हरे पेड़ों की कटाई में प्रतिबन्ध होने से ग्रामीण क्षेत्रों की होलिका में भी मोटी लकड़ी का अभाव है। इसके बावजूद मौहल्ले के बच्चों में जबरदस्त उत्साह है।

इसके अलावा स्कूल-कालेजों में छात्रों ने एक दिन पूर्व ही रंग-गुलाल से एक-दूसरे के चेहरे रंग दिये। विद्यालय अवकाश होते ही होली का दौर चला। बुधवार को होली से सराबोर होने की तैयारियां की जा रही हैं। जगह-जगह पर डीजे व मटकी टांगी जायेगी। हरियार ठंडई-भांग पिलाने की भी तैयारी किये हैं तो कुछ लोंगों ने दारु की भी व्यवस्था कर रखी है। अभिजात्य वर्ग की महिलाओं ने मुम्बई की तर्ज पर होली मनाने के कार्यक्रम रखें हैं।

### भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति की अहमदगढ़ में बैठक आयोजित की गई

**बुलंदशहर। रविवार** को शिकारपुर तहसील क्षेत्र के कस्बा अहमदगढ़ में कश्यप समाज की चौपाल पर भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति की पंचायत हुई जहां सभी किसानों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर धर्मेंद्र सिंह का फूल मालाओं से स्वागत किया जिसमें कुछ भूमाफिया सरकारी भूमि में रखें कश्यप समाज के पित्र देवताओं को हटाकर कब्जा करने की फिराक में हैं। जहां कश्यप समाज के लोगों पर झूठे मुकदमे भी लगवा कर जेल भिजवा दिया गया कुछ भूमाफिया वहां प्लाटिंग कर रहे हैं और सरकारी जमीन पर कब्जा भी करना चाहते हैं प्लाटिंग की आड़ में जहां शिकारपुर तहसीलदार और अहमदगढ़ थाना के एस आई की सांठगांठ से झूठे मुकदमे लगवाए गए जिसमें एडवोकेट योगेश कुमार प्रदेश महासचिव विधि प्रकोष्ठ ने कहा आज के बाद किसी भी किसान मजदूर का शोषण किया गया तो भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति बर्दाश्त नहीं करेगी और जल्द इन अधिकारियों के नाम उत्तर प्रदेश के योगी आदित्यनाथ से जल्द शिकायत की जाएगी।

# जेल अधीक्षक-जेलर समेत वार्डन गिरफ्तार

## पांच लाख 80 हजार रुपये व गाडी बरामद




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने बताया कि निलम्बित जेल अधीक्षक अशोक कुमार सागर, जेलर संतोष कुमार व जेल वार्डन जगमोहन सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। इनकी तलाशी में क्रमशः एक-एक मोबाइल फोन व चार पहिया वाहन बरामद कर सीज किया है। बरामद वाहन की इएमआई अब्बास अंसारी व निखत बानो की मदद से चुकाई गई है।

सोमवार को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला राघव प्रेक्षागार में पत्रकारों से रूबरु हुईं। उन्होंने बताया कि दस फरवरी को जिला कारागार में गैरकानूनी गतिविधियां चलने की सूचना पर डीएम अभिषेक आनन्द व उन्होंने छापेमारी कर कारागार की संवेदनशील बैरकों की जांच की थी। जेल में बन्द अब्बास अंसारी अपनी बैरक में नहीं था। इस बाबत कारागार कर्मियों से पूंछताछ की गई तो पता चला कि कारागार कार्यालय के एक कमरे में मुलाकात की अनुमति दी गई है। मुलाकाती रजिस्टर की जांच में विवरण अंकित नहीं था। कारागार के मुख्य द्वार पर तैनात कर्मियों ने बताया कि गेट पर तैनात एक जेल पुलिस कर्मी अब्बास अंसारी को कमरे से निकालकर बैरक की ओर ले गया है। कमरे में देखा तो वहां अब्बास की पत्नी निखत बानो मौजूद मिलीं।

उन्होंने बताया कि छह मार्च को मुखबिर की सूचना पर चकरेही चैराहा कर्वी से इस मामले में वांछित निलम्बित जेल अधीक्षक अशोक कुमार सागर पुत्र भिखारी सिंह निवासी मानपुर थाना खानपुर जिला बुलंदशहर, जेलर संतोष कुमार पुत्र स्व रामलखन निवासी बिहरदर थाना चंदवक जिला जौनपुर व जेल वार्डन जगमोहन सिंह पुत्र सीताराम सिंह निवासी नगलादेह थाना माट जिला मथुरा को गिरफ्तार किया। अशोक सागर की तलाशी में एक ओप्पो मोबाइल फोन, संतोष की तलाशी में एक सैमसंग मोबाइल फोन व संतोष की गाडी केआईए कारनेश यूपी 62सीपी- 0921 को सीज किया। इस बात के पर्याप्त प्रमाण हैं कि ये वाहन इएमआई अब्बास अंसारी व निखत बानो की मदद से चुकाई गई है। विवेचना में पता चला कि अशोक सागर व संतोष कुमार तथा जगमोहन सिंह जिला कारागार के अन्दर गैरकानूनी गतिविधियां चला रहे हैं।

अब्बास अंसारी ने इन्हें नियमित रुप से पैसों का प्रलोभन देकर बिना किसी रोकटोक के उसकी पत्नी व ड्राइवर फोन व अन्य सामान जेल लेकर जाने की खुली छूट देते रहे हैं। इन्हें पैसा कैंटीन संचालक नवनीत सचान देता रहा है। सात फरवरी को जेल अधीक्षक व जेलर को आखिरी बार नवनीत ने पैसा दिया था। जेल वार्डन जगमोहन सिंह छह लाख रुपये नवनीत सचान के घर से लेकर आया था, इन्हें दिया था। पुलिस की पूंछताछ में उनकी निशानदेही पर अशोक सागर से चार लाख रुपये व संतोष से एक लाख 80 हजार रुपये बरामद किये हैं। आकस्मिक जांच में दस फरवरी को सीसीटीवी फुटेज देखने से पता चला कि उस दिन जगमोहन जेल के बाहर की संतरी पोस्ट पर तैनात था। जेल अधीक्षक के इशारे पर जगमोहन अन्दर आकर अब्बास अंसारी को डिप्टी जेलर चन्द्रकला के कमरे से निकालकर बैरक की ओर ले जा रहा था। इन तीनों को कोतवाली कर्वी में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 88/2023 धारा 387, 222, 186, 506, 201, 120बी, 195ए, 34 आईपीसी, 42बी, 54 प्रिजनर्स एक्ट व 7सीएलए एक्ट, 7/8/13 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत अब तक निखत बानो, ड्राइवर नियाज, फराज खान व नवनीत सचान, डिप्टी जेलर चन्द्रकला, जेल अधीक्षक अशोक सागर, जेलर संतोष कुमार व जेल वार्डन जगमोहन समेत आठ लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। गिरफ्तार करने वाली टीम में अपराध शाखा निरीक्षक एमपी त्रिपाठी, निरीक्षक शिवमूरत सिंह यादव, कर्वी कोतवाल दीपेन्द्र कुमार सिंह, दरोगा विनय विक्रम सिंह, दरोगा राधेश्याम सिंह, सिपाही रोहित सिंह, पीयूषशरण श्रीवास्तव व दीपांकर सिंह शामिल रहे। पत्रकार वार्ता में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी भी मौजूद रहे।

## होली पर्व पर खाद्य सामग्री की दुकानों में जारी है छापेमारी

# विभाग ने लिए 29 नमूने



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन आयुक्त लखनऊ के आदेश तथा जिलाधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी के निर्देश में होली पर्व पर आम जनता को शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने को रोकथाम को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने जिले में विशेष अभियान चला रहा है।

सोमवार को सहायक आयुक्त (खाद्य) डॉ सीआर प्रजापति ने बताया कि मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी राहुल सिंह की अगुवाई में प्रवर्तन अधिकारी लालजीत यादव, दीपेन्द्र कुमार सिंह, झनकार सिंह, सुमित पाण्डेय अभियान चला रहे हैं। अभियान दल ने पुलिस प्रशासन एवं राजस्व टीम के सहयोग से जिले में सूचना के आधार पर जगह-जगह छापेमार कार्यवाही कर खाद्य एवं पेय पदार्थों के नमूनें संग्रहित कर जॉच को प्रयोगशाला भेजे जा रहे हैं। अभियान दल ने पांच मार्च को 11 नमूनें लिए। लालजीत यादव ने तीन नमूनें, दीपेन्द्र कुमार सिंह ने दो नमूनें, झनकार सिंह ने तीन नमूनें, सुमित पाण्डेय ने तीन नमूनें लिए हैं। सोमवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुमित पाण्डेय ने एक नमूना, झनकार सिंह ने एक नमूना लिया है। विभाग ने अब तक 29 खाद्य नमूनें लिए हैं। जिलाधिकारी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग ने व्यापारियों के साथ बैठक कर बताया कि शुद्ध सामग्री बेंचे। खोया, मिठाई तथा अन्य खुले खाद्य पदार्थों के प्रति सजग रहें। किसी भी दशा में मिलावट बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

## 11 लोगों के कब्जे से 98 लीटर महुआ शराब-78 क्वार्टर देशी शराब बरामद

# पुलिस अधीक्षक के निर्देश का असर




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** होली पर्व के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर पुलिस ने 11 लोगों के कब्जे से 98 लीटर महुआ शराब व 78 क्वार्टर देशी शराब, एक भट्ठी एवं शराब बनाने के उपकरण बरामद किये हैं।

सोमवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सीतापुर चैकी के दरोगा शौकत खां की टीम ने राजाराम पुत्र शंकर निवासी भंभई के कब्जे से 28 क्वार्टर देशी शराब के साथ दबोचा है। बरगढ थाने के दरोगा कृपानन्दन शर्मा की टीम ने तिलकधारी पुत्र रामआसरे वर्मा निवासी कुरियाडीह थाना बरगढ़ के कब्जे से 15 लीटर महुआ बरामद कर गिरफ्तार किया है। बरगढ थाने के दरोगा प्रभूनाथ यादव की टीम ने जीतेन्द्र पुत्र रामविशाल निवासी डीह का पुरवा मजरा हरदीकला थाना बरगढ़ के कब्जे से 15 क्वार्टर देशी शराब के साथ दबोचा है।

बरगढ थाने के दरोगा राजकुमार की टीम ने निराशा दीपांकर उर्फ निराशा पत्नी राजू निवासी गजाधर का पुरवा थाना बरगढ़ के कब्जे से 13 लीटर महुआ शराब बरामद कर गिरफ्तार किया। सरधुवा थाने के थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह की टीम ने बिलपतिया पत्नी छोटवा, सुन्ता पत्नी सोन्ना निवासी खोपा थाना सरधुवा के कब्जे से 20-20 लीटर महुआ शराब के साथ दबोचा है। रैपुरा थाने के दरोगा रमेश सिंह यादव की टीम ने मूलचन्द्र पुत्र छोटेलाल गुप्ता निवासी देवकली थाना रैपुरा के कब्जे से दस लीटर महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया। राजापुर थाने के दरोगा काशीनाथ यादव की टीम ने इन्द्र कुमार पुत्र हुबलाल निवासी कुसियापुरवा मजरा पराको थाना राजापुर के कब्जे से बीस क्वार्टर देशी शराब के साथ दबोचा है। मऊ थाने के दरोगा मेवालाल मौर्य की टीम ने मोनू पासी पुत्र बहबल अदालती निवासी बम्बुरी के कब्जे से दस लीटर महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया। मऊ थाने के दरोगा विजय बहादुर यादव की टीम ने रामसिंह पुत्र रामलोचन निवासी नीबीं के कब्जे से 15 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। मऊ थाने के दरोगा विपिन कुमार मिश्रा की टीम ने गोकुल प्रसाद हरिजन पुत्र भैरव प्रसाद निवासी नीबीं के कब्जे से दस लीटर महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया। सभी को आबकारी अधिनियम में चालान किया।

# बर्दास्त नहीं होगा व्यापारियों का उत्पीड़न



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** प्रभास महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लवलेश विराग की अगुवाई में राष्ट्रीय महासचिव साधना मिश्रा, जिलाध्यक्ष शेखर गुप्ता, जिला प्रचारक आशीष पटेल, वीरेन्द्र सिंह आदि ने जिले में व्यापारियों के साथ हो रहे उत्पीड़न, लूटपाट एवं पुलिस के पक्षपात पूर्ण रवैये की बाबत पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा।

सोमवार को प्रभास महासंघ ने पुलिस अधीक्षक को सौंपे ज्ञापन में कहा कि व्यापारी समाज पुलिस की उपेक्षा एवं जानमाल के भय से चुपचाप रहता है। बीते दिनों कर्वी के एक व्यापारी के साथ कुछ लोगों ने मारपीट की है। पीडित परिवार आतंकित है।

ज्ञापन में पीडित परिवार को न्याय दिलाने व उचित कानूनी कार्यवाही की मांग

## न्यूज झरोखा

### अवैध लकड़ी कटान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**बुलंदशहर। अनूपशहर** रेंज के ऊंचागांव ब्लॉक के गांव फरीदा बांगर में वन कर्मचारियों व अधिकारियो की मिली भगत से रविवार को फिर प्रतिबंधित हरे तुन जामुन व आम के करीब आधा दर्जन पेड काटे गये अवैध कटान का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जबकि सूचना देने वाले ने वन विभाग के डिप्टी प्रमोद भारती सहित डीएफओ बुलंदशहर विनीता सिंह को सूचना दी।

डिप्टी रेज?र ने मिलीभगत के चलते मौके पर पहुंचना गंवारा नही समझा और तो और वन माफियाओं को सूचना देने वालों के नाम भी उजागर कर दिये जाते हैं। आखिर बार बार वन अधिकारी सूचना देने वालों के नाम उजागर क्यों करते हैं? कहीं न कहीं वन अधिकारी लकडी माफियाओं से से मिलकर सूचना देने वालों की हत्या कराना चाहते हैं। प्रमोद डिप्टी की रोज शिकायत मिलने के बाद भी नहीं हटा रहे हैं।

### जलेसर में मेरी होली मेरा मेला का हुआ आयोजन

**जलेसर। जलेसर सा**दाबाद रोड गणेश चिलर के सामने दीपक बंसल की जमीन पर मेरी होली मेरे मेले का आयोजन किया जा रहा है। अलग-अलग तरह के झूले जैसे ब्रेक डांस,बैगिन ट्रेन, बच्चों की रेलगाड़ी,मैकेनीकल बुल आदि झूले लगे हुए हैं।

मेरी होली मेरे मेले में जलेसर एवं देहाती क्षेत्र से लोग मेले में पहुंचकर आनंद लेते हुए दिखाई देते हैं। मेला संयोजक दीपक बंसल एवं लाल मोहम्मद द्वारा बताया गया कि मेरी होली मेरा मेला का आयोजन होली के त्यौहार को देखते हुए किया गया है। 6 मार्च को जवाबी कीर्तन बसंत पतझड़ एवं करुणा शर्मा द्वारा किया जाएगा, 10 मार्च को रसिया दंगल रामवीर अखाड़ा हाथरस एवं सत्तो शर्मा अलीगढ़ द्वारा किया जाएगा वहीं 12 मार्च को संगीत सम्मेलन हंस रंगा म्यूजिक ग्रुप दिल्ली द्वारा किया जाएगा।

### जलेसर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर साइकिल रैली का हुआ आयोजन

**जलेसर। रविवार को** महिला दिवस के अवसर पर नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी पवन शर्मा के नेतृत्व में साइकिल रैली निकाली गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से चिंताहरण मंदिर,मोहल्ला पंसारियन, नाला बाजार होते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर संपन्न हुई। इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी पवन शर्मा ,गौरव कुमार, शालिनी संजय कुमार, सहित समस्त आशाओं ने प्रतिभाग किया।

### खेलते समय छह वर्षीय मासूम बच्चे की बम्बे में डूब कर हुई मौत

**बुलंदशहर। पहासू** थाना क्षेत्र के नगला जगत गांव में 6 वर्ष के मासूम की बम्बे में गिरकर हुई मौत प्राप्त जानकारी के अनुसार शिवा पुत्र सुरजीत कुमार उम्र करीब 6 वर्ष बच्चों के साथ शनिवार शाम 4:00 बजे घर से खेलने के लिए निकला था बच्चे के माता पिता मजदूरी करने के लिए गए थे जोकि घर पर नहीं थे। मासूम शिवा बम्बे की तरफ खेलते खेलते चला गया जहां पर खेलते समय बम्बे में उसका पैर फिसल गया और गिरकर मौत हो गई जिसकी सूचना पुलिस को दी गई थी जहां पर ग्रामीण और पुलिस ने पूरे क्षेत्र में खोजबीन की लेकिन वह नहीं मिला रविवार सुबह 8:00 बजे मासूम बच्चे का शव जटौला गांव के निकट बम्बे में तैरता हुआ मिला अचानक हुई बच्चे की मौत से परिजनों में हड़कंप मच गया वही परिवार के लोगों का रो रो कर बुरा हाल है।

### पुलिस की चेतावनी : शराब पीकर होली पर हुड़दंग किया तो होगी सख्त कार्यवाही : थाना प्रभारी

**रामघाट.(बुलंदशहर) होली** के त्यौहार पर शराब पीकर गाली गलौज देना जबरदस्ती महिलाओं के रंग लगाना होलिका दहन में किसी की लकड़ी तखत, ब्रंच तिरपाल आदि सामग्री को डालना तथा महिलाओं के ऊपर अभद्र टिप्पणी करने वालों के साथ सख्त कार्रवाई की जाएगी होली के त्यौहार को प्रेम पूर्वक शांति व्यवस्था के साथ मनाने की ग्रामीण जनता जन प्रतिनिधियों से अपील की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार के सख्त निदेशानुसार रामघाट थाना प्रभारी लोकेश प्रताप सिंह ने पत्रकारों को बताया है कि होली के पावन त्यौहार के अवसर पर किसी व्यक्ति ने शराब पीकर बिना वजह किसी पुरुष महिला को गाली गलौज देकर अपमानित किया या महिला के ऊपर अभद्र भाषा में कोई टिप्पणी की या उनके साथ जबस्ती रंग लगाया ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त सख्त कार्रवाई की जाएगी ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी होली के त्यौहार पर होलिका दहन के दिन किसी व्यक्ति ने किसी की लकड़ी की ब्रंच तख्त तिरपाल छप्पर, आदि सामग्री होलिका दहन में डाली तो शिकायत मिलने पर किसी कीमत पर बख्शे नहीं जाएंगे।

## अमेरिका में हाउस पार्टी के दौरान गोलीबारी: जश्न मनाने आए थे 100 से ज्यादा नाबालिग

**वाशिंगटन।** अमेरिका से बड़ी खबर आ रही है। यहां जॉर्जिया के डगलस काउंटी में एक हाउस पार्टी के दौरान दो गुटों के बीच हिंसक झड़प हो गई। इस पार्टी में 100 से ज्यादा नाबालिग शामिल होने पहुंचे थे। गोलीबारी में दो बच्चों की मौत हो गई, जबकि छह अन्य घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों ने सीएनएन को बताया कि ये घटना अटलांटा से लगभग 20 मील पश्चिम में डगलसविले शहर में हुई है।



घर के मालिक के अनुसार, उन्होंने अपनी बेटी के 16वें जन्मदिन पर यह पार्टी आयोजित की थी। बेटी के 100 से ज्यादा दोस्त इस पार्टी में शामिल हुए थे। इस दौरान कुछ लोग मारिजुआना धूम्रपान करने लगे। जिसके बाद उन्होंने 10 बजे पार्टी खत्म करने का फैसला किया। इसी दौरान गोलीबारी हुई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## पाकिस्तानी कब्जे वाले कश्मीर में सड़कों पर उतरे लोग, नहीं पूरी हो रहीं बुनियादी जरूरतें

**गिलगित-बाल्टिस्तान ।** घरेलू मोर्चे पर घिरे पाकिस्तान को अब पाकिस्तानी कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में भी जोरदार विरोध का सामना करना पड़ रहा है। पीओके के गिलगित-बाल्टिस्तान में लोगों की बुनियादी जरूरतें पूरी नहीं हो रही हैं। गुस्साए लोग सड़कों




पर उतर कर बिजली, ईंधन, सड़क, भोजन जैसी समस्याओं का समाधान मांग रहे हैं। यह लोग पाकिस्तान की सरकार पर अत्याचार व सौतेले व्यवहार का आरोप भी लगा रहे हैं। ये लोग अत्याचार न थमने पर आंदोलन को और उग्र करने की चेतावनी दे रहे हैं। प्रदर्शनकारी अपने चुने हुए प्रतिनिधियों से भी नाराज हैं। उनका आरोप है कि यह प्रतिनिधि आम लोगों की मदद करने के बजाय लोगों के शोषण में पाकिस्तानी अधिकारियों की मदद करते हैं। जगह-जगह विरोध प्रदर्शनों का नेतृत्व कर रही अवामी एक्शन कमेटी का कहना है कि चुने हुए प्रतिनिधियों ने गिलगित-बाल्टिस्तान को पाकिस्तान का उपनिवेश बना दिया है। यहां से पाकिस्तान सभी तरह के संसाधनों का दोहन करता है और बदले में किसी तरह की सुविधा नहीं मिलती है।

## रूस ने यूक्रेन के बखमुत पर तीन तरफ से चढ़ाई की



**कीव।** रूस की सेना ने यूक्रेन के प्रमुख शहर बखमुत पर तीन तरफ से चढ़ाई की है। यूक्रेन सेना ने कहा कि वह हमें पस्त करना चाहते हैं, पर उसमें सफल नहीं होंगे। उल्लेखनीय बखमुत पूर्वी यूक्रेन में रूस के आक्रमण का केंद्र बिंदु है। यूक्रेन के ताजा हालात पर यह जानकारी अमेरिका के प्रमुख अखबार ने अपनी रिपोर्ट में दी है। अमेरिकी अखबार की इस रिपोर्ट के मुताबिक अभी तक यूक्रेन के सैनिक बखमुत से रूस की सेना को दूर रखने में कामयाब रहे हैं। दोनों देश के सैनिक बखमुत में खाली घरों और कारखानों में छिपे हुए हैं। वहीं से घात लगाकर एक-दूसरे पर हमले कर रहे हैं। यूक्रेन के एक अधिकारी के मुताबिक सप्ताहांत में बखमुत में दो नागरिकों की मौत हो गई। यूक्रेन सेना के जनरल स्टाफ के हवाले से कहा है कि यूक्रेन की सेना ने 130 रूसी हमलों को विफल कर दिया। यूक्रेन कमांडरों ने कहा है कि वह अंतिम सांस तक रूस की सेना को जवाब देंगे।

# नेपाल में जाग उठे दशकों पुराने भूत, प्रधानमंत्री दहल की उड़ी नींद

**काठमांडू।** अपनी सियासी पलटियों से राजनीतिक दलों झटका देने माहिर नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल को देश के सुप्रीम कोर्ट ने चिंता में डाल दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने दहल की कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (माओइस्ट सेंटर) के खिलाफ दो याचिकाएं रजिस्टर करने का निर्देश दिया है। इन याचिकाओं में पार्टी के साथ-साथ दहल को भी अभियुक्त बनाया गया है। मामला नेपाल में चले गृह युद्ध के समय का है। कोर्ट ने गृह युद्ध दौरान हुई लगभग पांच हजार मौतों के लिए दहल और माओइस्ट सेंटर की जवाबदेह ठहराने की दो वकीलों की याचिका को रजिस्टर करने का निर्देश कोर्ट प्रशासन को दिया है। सुप्रीम कोर्ट की इस कार्रवाई से माओइस्ट सेंटर में बेचैनी और घबराहट दोनों देखी जा रही है। रविवार को पार्टी महासचिव देव गुरुंग ने इस बारे में एक बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि माओइस्ट सेंटर ऐसी हर गतिविधि की कड़ी निंदा करती है, जो संविधान के विरुद्ध हो। साथ ही वह विभिन्न राजनीतिक आंदोलनों के जरिए हासिल प्रगतिशील उपलब्धियों के खिलाफ होने वाली गतिविधियों की भी निंदा करती है।

गुरुंग ने दावा किया कि याचिकाएं दुर्भावनापूर्ण इरादे से दायर की गई हैं। यह न्यायिक समीक्षा के सिद्धांत के खिलाफ है। साथ ही यह संविधान से मिले अभिव्यक्ति के आजादी के अधिकार का भी उल्लंघन करती हैं। उन्होंने कहा- 'सत्य और मेलमिलाप आयोग और जबरन गायब किए गए लोगों की जांच के



लिए बना आयोग संक्रमणकालीन न्यायिक कार्यवाही को आगे बढ़ा रहे हैं। इसलिए उन आयोगों के अधिकार क्षेत्र का कोई उल्लंघन नहीं होना चाहिए।' इन दोनों आयोगों का गठन राजशाही और माओवादी विद्रोह के दौरान हुए अपराधों पर अंजाम तक पहुंचाना है। पर्यवेक्षकों का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट का आदेश दहल के लिए बड़ा सिरदर्द पैदा कर सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश दो वकीलों की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दिया। ये याचिकाएं गृह युद्ध के दौरान मारे गए 20 लोगों के परिजनों की तरफ से दायर की गई थीं। बीते नवंबर में कोर्ट ने उनकी याचिकाएं खारिज कर दी थीं। तब वकीलों ने फिर से याचिका दायर की। इस पर सुनवाई करते हुए दो जजों की बेंच ने कोर्ट प्रशासन को नई याचिकाओं को रजिस्टर करने का आदेश दे दिया।

दोनों याचिकाओं में आरोप लगाया गया है कि दहल उन हत्याओं के लिए निजी तौर पर जिम्मेदार थे, इसलिए उनके खिलाफ जरूरी कानूनी कार्यवाही शुरू की जानी चाहिए। एक याचिका में गुजारिश की गई है कि माओवादी विद्रोह के दौरान हुई सभी 17 हजार हत्याओं के लिए दहल को दोषी ठहराया जाए। एक अन्य याचिका में पांच हजार मौतों के लिए उन्हें दोषी ठहराने की दलील दी गई है।

जनवरी 2020 में माघी त्योहार के दिन हुए एक समारोह में दहल ने कहा था कि माओवादी पार्टी के नेता के तौर पर वे पांच हजार मौतों की जिम्मेदारी स्वीकार करेंगे। बाकी मौतों की जिम्मेदारी सरकार पर डाली जानी चाहिए। नेपाल में दहल के नेतृत्व में एक दशक तक माओवादी विद्रोह चला था। उस दौरान ये सभी मौतें हुई थीं। अब तक यह मामला सत्य और मेलमिलाप आयोग के दायरे में था। अब इस मामले को सुप्रीम कोर्ट ने अपने दायरे में ले लिया है।

## अवैध प्रवासियों का ब्रिटेन में प्रवेश होगा बंद, प्रधानमंत्री ऋषि सुनक लाएंगे नया कानून

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने एलान किया कि जो लोग अवैध तरीके से ब्रिटेन में आ रहे हैं, उन्हें वापस भेजा जाएगा और वह यहां शरण नहीं मांग सकेंगे। बता दें कि ब्रिटेन में अभी तक ऐसा नियम है कि यहां अवैध रूप से प्रवेश करने वाले लोग भी आवेदन देकर शरण मांग सकते हैं। हालांकि हाल के सालों में ब्रिटेन में अवैध प्रवासियों की संख्या में जबरदस्त उछाल आया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सुनक सरकार इस हफ्ते के अंत तक अवैध प्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए कानून ला सकती है। ब्रिटेन में इंग्लिश चैनल से नावों में बैठकर बड़ी संख्या में अवैध प्रवासी आ रहे हैं, इनकी रोकथाम के लिए कानून में विशेष प्रावधान किए जा सकते हैं। नए कानून के तहत ब्रिटेन के गृह मंत्री को यह जिम्मेदारी दी जा सकती है कि वह नौकाओं के



जरिए ब्रिटेन में अवैध रूप से आ रहे प्रवासियों को रोकें।

साथ ही ब्रिटेन में रह रहे अवैध प्रवासियों को वापस भेजा जाएगा।ऋषि सुनक ने कहा कि नौकाओं द्वारा ब्रिटेन में आ रहे अवैध प्रवासियों को रोकना उनकी पहली प्राथमिकता है। अवैध प्रवासी अब ब्रिटेन में नहीं रह सकेंगे। ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने कहा कि अवैध प्रवासी ब्रिटेन के करदाताओं, ब्रिटेन में वैध तरीके से आने वाले लोगों के लिए ठीक नहीं हैं। साथ ही यह ब्रिटेन के आपराधिक गिरोहों को भी फायदा पहुंचाते हैं।

## इमरान खान को 'मौत का डर', सीजेपी से मांगी सुरक्षा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के नेता और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को गिरफ्तारी के साथ 'मौत का डर' सता रहा है। उन्होंने पाकिस्तान के प्रधान न्यायाधीश (सीजेपी) उमर अता बंडियाल को पत्र लिखकर कोर्ट में पेशी के लिए पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराने का अनुरोध किया है।

इस्लामाबाद हाई कोर्ट के तोशखाना केस में जारी गिरफ्तारी वारंट होने के बावजूद रविवार को पुलिस खान को लाहौर में उनके घर से गिरफ्तार नहीं कर पाई। पुलिस के लौटने के बाद इमरान बाहर आए। खान ने सरकार, पुलिस, फौज और आईएसआई पर जबरदस्त हमले किए। इमरान खान के घर जमान पार्क के बाहर चारों तरफ लाठी-डंडों के साथ उनके समर्थक मौजूद हैं। इनमें महिलाएं भी हैं। इन लोगों को खाना-पानी वहीं मुहैया कराया जा रहा है। इमरान ने सीजेपी को लिखे



पत्र में कहा कि मैं एक बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दे पर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। सत्ता परिवर्तन अभियान के माध्यम से मेरी सरकार को हटाने के बाद से मुझे संदिग्ध एफआईआर, धमकियों का सामना करना पड़ा और मेरी हत्या करने की भी कोशिश हुई। उल्लेखनीय है कि इमरान ने पिछले दिनों जेल भरो आंदोलन शुरू किया था। उनकी पार्टी के कई नेता जेल में हैं। इमरान खान ने आरोप लगाया कि मौजूदा प्रधानमंत्री और आंतरिक मंत्री उनकी हत्या की साजिश रच चुके हैं।पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि मेरे खिलाफ अबतक 74 मामले दर्ज हैं और मुझे अक्सर सुनवाई के लिए कोर्ट में पेश होना पड़ता है। मैं देश की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी का अध्यक्ष हूं और जहां भी मैं जाता हूं वहां भीड़ स्वाभाविक रूप से पीछा करती है। जीवन का अधिकार संविधान के तहत प्राप्त मौलिक अधिकार है। उन्होंने कहा कि मेरे जीवन पर हत्या के एक और प्रयास के स्पष्ट संकेत हैं।

## राजधानी काठमांडू समेत पहाड़ी इलाकों में होली की धूम

**काठमांडू।** नेपाल के पहाड़ी इलाकों में होली मनाई जा रही है। काठमांडू घाटी और पहाड़ी जिलों में रंग-अबीर लगाकर हर्षोल्लास से होली मनाने की परंपरा है। यह पर्व हर साल फाल्गू पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। सड़कों, पार्कों और खेल के मैदानों में इकट्ठा होकर लोग होली मना रहे हैं। युवा वर्ग में होली को लेकर खासा उत्साह रहता है। नेपाल के विभिन्न संगठनों ने भी होली पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया है।



काठमांडू के प्रमुख स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में युवाओं की अच्छी-खासी उपस्थिति देखी जा सकती है। होली पर नशे की हालत में वाहन चलाने के खतरों को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने चेकिंग पर कड़ाई कर दी है। नेपाल के तराई जिलों में कल मंगलवार को होली मनाई जाएगी। कल उस क्षेत्र में सार्वजनिक अवकाश है।

## बांग्लादेश में तीन रोहिंग्या शरणार्थी शिविरों में लगी आग, दो हजार झुग्गियां राख

**ढाका।** बांग्लादेश के दक्षिण पूर्वी कॉक्स बाजार जिले में तीन रोहिंग्या शरणार्थी शिविरों में आग लग गई। इस दौरान करीब 2,000 झुग्गियां राख हो गई। चटोग्राम फायर सर्विस कंट्रोल रूम के ड्यूटी अफसर इमदादुल हक के मुताबिक दोपहर शिविर नंबर 10 में आग लग गई। देखते ही देखते आग विकराल हो गई। लपटों ने शिविर नंबर 11 और 12 को भी चपेट में ले लिया। सूचना पर दमकल की 10



गाड़ियां भेजी गईं और शाम करीब पांच बजे (स्थानीय समय) आग बुझाई जा सकी। प्रभावित परिवारों ने खुले आसमान के नीचे अपनी रात गुजारी। उल्लेखनीय है कि म्यांमार से विस्थापित 10 लाख से अधिक रोहिंग्या बांग्लादेश की राजधानी ढाका से लगभग 300 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में कॉक्स बाजार में रह रहे हैं।

## प्रचंड के खिलाफ याचिका दायर करने के सुप्रीम आदेश पर भड़के माओवादी

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री एवं सीपीएन (एमसी) के अध्यक्ष पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' द्वारा तीन साल पहले काठमांडू में दिए गए एक आपराधिक कबूलनामे पर याचिका दायर करने के सुप्रीम कोर्ट के आदेश के खिलाफ माओवादियों ने आवाज उठाई है। एमसी के महासचिव देव गुरुंग का जारी बयान कोर्ट के लिए चेतावनी है। पार्टी द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि माओवादियों द्वारा की गई दस वर्षों की हिंसक गतिविधियों (माओवादी के भाषा मे जनयुद्ध) के आधार पर, प्रमुख शांति समझौते, अंतरिम संविधान, प्रथम और द्वितीय संविधान सभा के चुनाव संपन्न हुए और एक संघीय, धर्मनिरपेक्ष, समावेशी, आनुपातिक संविधान सभा के माध्यम से लोकतांत्रिक गणराज्य बनाया गया है। बयान में लिखा है कि प्रचंड द्वारा 5000 लोगों की मौत की जिम्मेदारी लेना अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के तहत है।

बयान में कहा गया है कि ग्रेटर पीस एग्रीमेंट के निर्देशानुसार माओवादियों की दस साल की सशस्त्र हिंसा के दौरान हुई घटनाओं के संबंध में बमोजिम ट्रुथ एंड डिस अपियरेंस इन्वेस्टिगेशन कमीशन का गठन किया गया है और इस परिप्रेक्ष्य में कि ये आयोग संक्रमण काल के दौरान न्यायिक कार्यवाही को पूरा करने के लिए लंबे समय से सक्रिय हैं, वे किसी भी अधिकार क्षेत्र को ग्रहण नहीं करेंगे, जो उक्त आयोग के अधिकार क्षेत्र के मामलों पर प्रतिकूल प्रभाव डालता हो। हम आपको याद दिलाना चाहते हैं कि हम इस संबंध में कोई निर्णय नहीं ले सकते हैं।

## पाकिस्तान में फिर हुआ आत्मघाती हमला! विस्फोट में नौ पुलिसकर्मियों की मौत

**ब्लूचिस्तान प्रांत।** पाकिस्तान में एक और आतंकवादी हमले की खबर है। बताया जा रहा है कि पाकिस्तान के ब्लूचिस्तान प्रांत में हुए एक धमाके में नौ पुलिसकर्मियों की मौत हो गई है। यह हमला सोमवार को ब्लूचिस्तान को बोलान इलाके में हुआ। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, यह इलाका सिबी और कच्छी सीमा पर स्थित है। शुरुआती जांच में यह पता लगा है एक आतंकी ने खुद को बम विस्फोट से उड़ा लिया था।




यह धमाका इतना तेज था कि मस्जिद की छत भी गिर गई थी, जिसके चलते मरने वालों का आंकड़ा बहुत ज्यादा हो गया था। दरअसल आतंकी संगठन तहरीक ए तालिबान पाकिस्तान और पाकिस्तानी सेना के बीच सीजफायर टूट चुका है और उसके बाद से ही पाकिस्तान में आतंकी हमलों की लहर सी आई हुई है। खास बात ये है कि अधिकतर आतंकी हमलों में पाकिस्तान पुलिस के जवानों को निशाना बनाया गया है।

इससे पहले फरवरी में ही कराची पुलिस मुख्यालय पर आतंकवादी हमला हुआ था। टीटीपी ने ही इस हमले को अंजाम दिया था। इस हमले में हथियारबंद आतंकियों ने पुलिस मुख्यालय पर हमलाकर तीन लोगों की हत्या कर दी थी और हमले में 10 लोग घायल हुए थे। हालांकि सुरक्षाबलों की कार्रवाई में पांच आतंकी ढेर कर दिए गए थे।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## इंग्लैंड: पुरातत्व विभाग को खुदाई में मिला चार हजार साल पुराना मंदिर

**लंदन।** इंग्लैंड के नॉर्थम्प्टन के पास पुरातत्व विभाग को खुदाई में चार हजार साल पुराना मंदिर मिला है। खुदाई में पवित्र कलशों सहित कई पुरातात्विक अवशेष भी मिले हैं। जानकारी के मुताबिक नार्थम्प्टन के उत्तर में चार मील दूर गांव ओवरस्टोन में लंदन पुरातत्व संग्रहालय की टीम खुदाई कर रही थी। खुदाई के दौरान पुरातत्वविदों की टीम को चौंकाने वाली सामग्री मिलने लगी। बाद में पता चला कि इस टीम ने चार हजार साल पुराना मंदिर खोज निकाला है। यह जानकारी भी सामने आई कि जिस जगह मंदिर मिला है, वह स्थान दो हजार से अधिक वर्षों



तक उपयोग में रहा है। खुदाई में कांस्य युग व रोमन सभ्यता के दौर की कई कलाकृतियां पाई गयी हैं। वहां कांस्य युग के पांच कलश दबे मिले हैं। खुदाई के दौरान पता चला कि यह मंदिर पवित्र स्थान पर बनाया गया है। दो अलग-अलग कमरे मिले हैं, जिनमें एक में सीढ़ियां हैं। दीवारों पर प्लास्टर के साथ कई चित्र बने मिले हैं। खुदाई स्थल पर कोई कब्र या किसी प्रकार के मानव अवशेष नहीं मिले हैं, हालांकि चमड़े के जूते मिले होने से वहां मानवीय आवाजाही की पुष्टि हुई है। जूता दो हजार साल पुराने किसी जैविक अवशेष के बने हुए माने जा रहे हैं। पुरातत्वविदों को पानी के बड़े टैंक भी मिले हैं।

विशेषज्ञों को एक रोमन संरचना के अवशेष भी मिले जो 43 और 410 ईस्वी के बीच के माने जा रहे हैं। संरचना का कोई कार्यात्मक उद्देश्य नहीं था और यह पास के झरने से जुड़ा एक मंदिर माना जा रहा है।

## आर्थिक बदहाली से जूझ रहे पाकिस्तान को आईएमएफ ने दी सलाह

**इस्लामाबाद।** आर्थिक बदहाली से जूझ रहे पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने चेतावनी के तौर पर हालात में सुधार करने के लिए कुछ उपाय सुझाए हैं।

आईएमएफ की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने हाल ही में कहा था कि पाकिस्तान को आईएमएफ द्वारा एक देश के रूप में कार्य करने में सक्षम होने के लिए कदम उठाने के लिए कहा गया था। जॉर्जीवा ने कहा, हम चाहते हैं कि पाकिस्तान के गरीब लोग भी सुरक्षित रहें।

रिपोर्ट में आईएमएफ प्रमुख ने कहा कि हम दो चीजों पर जोर दे रहे हैं, पहला यह कि कर राजस्व बढ़ाना, क्योंकि जो लोग सार्वजनिक या निजी क्षेत्रों में अच्छा पैसा कमा रहे हैं, उन्हें अर्थव्यवस्था में योगदान करने की जरूरत है और दूसरा कि जिन लोगों को उनकी आवश्यकता नहीं है, उनसे सब्सिडी लेकर कीमती संसाधनों का उचित वितरण किया जाए, ऐसा नहीं होना चाहिए कि सब्सिडी से अमीरों को लाभ होता है। यह गरीबों को होना चाहिए, जो उनसे लाभान्वित होते हैं।

प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने 26 फरवरी को सरकार की कमर कसने के उद्देश्य से कई




उपायों की घोषणा की, लेकिन आईएमएफ द्वारा लगाई गई कठिन शर्तों के कारण लोगों को किसी भी वस्तु पर और अधिक मूल्य वृद्धि के लिए चेतावनी भी दी। प्रधानमंत्री शरीफ ने उम्मीद जताई कि सरकार जनता को मौजूदा आर्थिक परिस्थितियों से बाहर निकालने में सक्षम होगी।

पीएम शरीफ ने मीडिया से बात करते हुए कहा था कि पाकिस्तान के अमीरों को देश के लिए बलिदान देने की जरूरत थी। इसी बीच लोगों को मन में सवाल है कि पाकिस्तानी सेना ने पिछले कुछ वर्षों से अच्छा पैसा कमाया है, उसको पाकिस्तान की भलाई के लिए अपने धन का बलिदान करने के लिए क्यों नहीं कहा जा रहा है। पाकिस्तान बजट का 20 प्रतिशत हिस्सा पाकिस्तानी आर्मी के लिए जाता है।

वर्तमान स्थिति में पाकिस्तान को गहरे आर्थिक संकट, राजनीतिक उथल-पुथल और उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रों में तेज आतंकी हमलों के रूप में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इसकी वजह से पाकिस्तान के संसाधन खत्म हो चुके हैं। इसके अलावा देश की आर्थिक गिरावट का पाकिस्तान के लोगों पर सीधा प्रभाव पड़ रहा है।